Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 262 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, गुरुवार 10 अप्रैल 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन



श्री 1008 भगवान महावीर के 2624वें जन्मकल्याणक पर दैनिक विश्व परिवार की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

प्रदीप जैन ( संपादक ), आलोक जैन प्रियेश जैन , प्रसंग जैन, यश जैन, अतिशय जैन, अरनव जैन एवं समस्त विश्व परिवार परिवार





# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया नवकार महामंत्र का जाप

## बोले- भारत ऊंचाई छुएगा, पर अपनी जड़ों से नहीं कटेगा

**नई दिल्ली ( विश्व परिवार )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 'नवकार महामंत्र दिवस' कार्यक्रम में शामिल हुए। पीएम मोदी ने अन्य लोगों के साथ 'नवकार महामंत्र दिवस' कार्यक्रम में 'नवकार महामंत्र' का जाप किया। इसके बाद उन्होंने लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि नवकार महामंत्र का ये दर्शन विकसित भारत के विजन से जुड़ता है। मैंने लालकिले से कहा है- विकसित भारत यानी विकास भी, विरासत भी। एक ऐसा भारत जो रुकेगा नहीं, ऐसा भारत जो थमेगा नहीं। जो ऊंचाई छुएगा, लेकिन अपनी जड़ों से नहीं कटेगा।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि मैं नवकार महामंत्र की इस आध्यात्मिक शक्ति को अब भी अपने भीतर अनुभव कर रहा हूं। कुछ वर्ष पूर्व मैं बंगलूरू में ऐसे ही एक सामुहिक मंत्रोच्चार का साक्षी बना था, आज वही अनुभूति हुई और उतनी ही गहराई में हुई।



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, कि ...नवकार महामंत्र सिर्फ मंत्र नहीं है। ये हमारी आस्था का केंद्र है। हमारे जीवन का मूल स्वर... और इसका महत्व सिर्फ आध्यात्मिक नहीं है। ये स्वयं से लेकर समाज तक सबको राह दिखाता है, जन से जग तक की यात्रा है। इस मंत्र का प्रत्येक पद ही नहीं, बल्कि प्रत्येक अक्षर अपने आप में मंत्र है। उन्होंने कहा कि नवकार महामंत्र एक मार्ग है। ऐसा मार्ग जो इंसान को भीतर से शुद्ध करता है, जो इंसान को सौहार्द की राह दिखाता है। नवकार महामंत्र सही मायने में मानव, ध्यान, साधना और आत्मशुद्धि का मंत्र है। हम जानते हैं कि जीवन के 9 तत्व हैं। ये 9 तत्व जीवन को पूर्णता की ओर ले जाते हैं। इसलिए हमारी संस्कृति में नव का विशेष महत्व है।

**जैन धर्म हमें बाहरी दुनिया नहीं, बल्कि खुद को जीतने की प्रेरणा देता है-** उन्होंने कहा कि नवकार महामंत्र कहता है कि स्वयं पर विश्वास करो, स्वयं की यात्रा शुरू करो, दुश्मन बाहर नहीं है, दुश्मन भीतर है। नकारात्मक सोच, अविश्वास, वैमनस्य, स्वार्थ ही वो शत्रु हैं, जिन्हें जीतना ही असली विजय है। यही कारण है कि जैन धर्म हमें बाहरी दुनिया नहीं, बल्कि खुद को जीतने की प्रेरणा देता है।

**बीते वर्षों में 20 से ज्यादा तीर्थंकरों की मूर्तियां विदेश से वापस आईं-** पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत अपनी संस्कृति पर करेगा। इसलिए हम अपने तीर्थंकरों की शिक्षाओं को सहेजते हैं। जब भगवान महावीर के 2550वें निर्वाण महोत्सव का समय आया तो हमने देश भर में उसे मनाया। आज जब प्राचीन मूर्तियां विदेश से वापस आती हैं, तो उसमें हमारे तीर्थंकर की प्रतिमाएं भी लौटती हैं। आपको जानकर गर्व होगा कि बीते वर्षों में 20 से ज्यादा तीर्थंकरों की मूर्तियां विदेश से वापस आई हैं।

# भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव आज, मालवीय रोड से निकलेगी भव्य शोभा यात्रा

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति 2025 के अध्यक्ष महावीर कोचर, महासचिव अधिवक्ता सिद्धार्थ डागा एवं कोषाध्यक्ष वीरेंद्र डागा ने बताया कि 10 अप्रैल, गुरुवार को भगवान महावीर का जन्म कल्याणक मनाया जाएगा जिसमें सुबह 8:30 बजे भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। श्री दिगंबर जैन मंदिर मालवीय रोड से भव्य शोभा यात्रा प्रारंभ होकर श्री ऋषभदेव जैन श्वेतांबर मंदिर सदर बाजार होते हुए सती बाजार, तात्यापारा, बढ़ईपारा, रामसागरपारा, गुरु नानक चौक होते हुए श्री जिन कुशल सूरी जैन दादाबाड़ी तीर्थ, एमजी रोड पहुंचेगी।

दादाबाड़ी में सुबह 10 बजे से भगवान महावीर पंचकल्याणक पूजा होगी और 11 बजे साधर्मिक वात्सल्य होगा। साथ ही सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक महारक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

जन्म कल्याण महोत्सव की रात 8:08 पर बजे वीरभक्ति गीत प्रतियोगिता का आयोजन होगा, जिसमें रायपुर नगर के स्थानीय मंडलों की भक्तिमय प्रस्तुति देखने को मिलेगी। इसी क्रम में माता त्रिशला के सपनों की प्रस्तुति और नृत्य नाटिका का आयोजन होगा। भगवान महावीर स्वामी की 2624 दीपों से रात 12:36 बजे आरती की जाएगी।

भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समिति आग्रह करती है कि आप सभी भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव में शामिल होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं।









# क्रेडाई की नई कार्यकरिणी का गठन,पंकज लाहोटी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

## अभिषेक बच्छावत सचिव व इलेक्टेड प्रेसिडेंट, ऋतिव्क नत्थानी व ऋषभ कटारिया- उपाध्यक्ष



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ क्रेडाई का रोटेशन में हर दो साल के लिए कार्यकारिणी का गठन होता है। इस बार भी सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का वर्ष 2025 अप्रैल से लेकर वर्ष 2027 मार्च तक के लिए नई कार्यकारिणी बनी है। श्री मृणाल गोलछा चेयरमेन होंगे व श्री पंकज लाहोटी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। अभिषेक बच्छावत सचिव व इलेक्टेड प्रेसिडेंट, ऋतिव्क नत्थानी व ऋषभ कटारिया- उपाध्यक्ष, मुकेश बजाज व संजना बघेल- संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष आयुष मोदी बने हैं। इसके साथ विस्तारित कार्यकारिणी में अन्य सदस्यों का मनोनयन किया गया है।

क्रेडाई बिल्डर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ की एक विश्वसनीय संगठन हैं जिसके गुडविल पर प्रदेश में प्रापर्टी सेक्टर का कामकाज होता है और आज इसके पूरे प्रदेश भर में करीब 200 मेंबर्स हैं। यह संगठन नेशनल क्रेडाई से संबद्ध है जिसके देश भर में करीब 12 हजार से भी ज्यादा मेंबर्स हैं। प्रापर्टी बायर्स भी इसीलिए पूरे भरोसे के साथ क्रेडाई मेंबर्स के साथ निवेश करना पसंद करते हैं।

क्रेडाई के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पंकज लाहोटी ने कहा कि सामूहिक टीम नेटवर्क पर क्रेडाई ने हमेशा काम किया है। पुराने अनुभवी सीनियर मेंबर्स व नए युवा मेंबर्स के साथ मिलकर वे क्रेडाई के काम को और आगे बढ़ायेंगे। कुछ नया करने की भी चाहत हैं, जिसे वर्तमान कार्यकाल में मिलकर पूरा करेंगे। क्रेडाई को नई ऊंचाईयों तक ले जाने में सभी मेंबर्स को साथ लेकर चलेंगे। मालूम हो क्रेडाई के द्वारा आयोजित किये जाने वाला प्रापर्टी एक्सपो आज छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे मध्यभारत में एक विशेष पहचान स्थापित कर चुका है। काफी बड़ा निवेश एक्सपो में प्रापर्टी बायर्स करते हैं। निवृतमान अध्यक्ष संजय रहेजा ने सभी क्रेडाई मेंबर्स के प्रति आभार व्यक्त किया, उनके कार्यकाल में सभी का भरपूर सहयोग मिला। आगे जहां पर भी नई कार्यकारिणी को सहयोग की जरूरत होगी वे हमेशा साथ रहेंगे।

**क्रेडाई छत्तीसगढ़ की नई प्रदेश कार्यकारिणी :** मृणाल गोलछा- चेयरमेन, पंकज लाहोटी- अध्यक्ष, अभिषेक बच्छावत- सचिव व इलेक्टेड प्रेसिडेंट, ऋतिव्क नत्थानी व ऋषभ कटारिया- उपाध्यक्ष, मुकेश बजाज व संजना बघेल- संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष- आयुष मोदी, निवृतमान अध्यक्ष- संजय रहेजा, कंज्यूमर ग्रीवेन सेल- आनंद सिंघानिया, जी.एस. राजपाल व निखिल धगट। लीगल कमेटी- विजय नत्थानी, रवि फतनानी व रिभुराज अग्रवाल। मीडिया- राकेश पांडे, संतोष लोहाना, सुनील चंद्राकर। इवेंट व सीएसआर- प्रतीक केवलानी, प्रसन्न नीले, माधवी नत्थानी, अभिषेक फतनानी व गौरव अग्रवाल। यूथ विंग- नवनीत अग्रवाल (स्टेट कोआर्डिनेटर), अक्षय शर्मा ( सचिव), यश सिंघानिया (सह सचिव), शशांक अग्रवाल (सह सचिव)। वूमेन विंग- अमरदीप गांधी (स्टेट हेड), भूवी बजाज, कनिका खूबचंदानी। एक्जिक्यूटिव कमेटी- सुशील पटेरिया (बिलासपुर), मनीष सोमानी (जगदलपुर), विनोद बोहरा (राजनांदगांव), ए एन सिंग (भिलाई-दुर्ग)।

**क्रेडाई के बारे में :** छत्तीसगढ़ में 200 सदस्यों का क्रेडाई परिवार है जो केवल प्रापर्टी ही नहीं बेंचते बल्कि समय-समय पर सामाजिक सरोकार से जुड़े विषयों पर अपने कार्यदायित्व का निवर्हन भी करते हैं। शहर के सुंदरीकरण व चौक- चौराहों के निर्माण में सहभागी रहे हैं। प्रापर्टी सेक्टर को लेकर जो पालिसी या मास्टर प्लान बनता है उसमें बेहतरी के लिए सुझाव, पर्यावरण व हरियाली को बढ़ावा देने में महती भूमिका जैसे कार्य करने तथा क्वालिटी व सौ फीसदी भरोसे के साथ प्रापर्टी उपलब्ध कराते हैं।

# कैंसर के उपचार में सफलता : युवा महिला ने बोन मैरो ट्रांसप्लांट से मल्टीपल मायलोमा पर विजय प्राप्त की



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़ की रहने वाली 32 वर्षीय महिला ने एक अभूतपूर्व चिकित्सा उपलब्धि हासिल की है, जो मल्टीपल मायलोमा नामक दुर्लभ और आक्रामक रक्त कैंसर से जूझ रहे युवाओं के लिए आशा की किरण बन गई है, जो आमतौर पर वृद्धों में पाया जाता है। रायपुर के रामकृष्ण केयर अस्पताल में सफल बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) करवाने के बाद, 5 वर्षीय बच्ची की माँ श्रीमती प्रजापति अब स्वस्थ हैं, उन्होंने सभी बाधाओं को पार करते हुए इस जटिल बीमारी के उपचार में हुई प्रगति को उजागर किया है।

**एक दुर्लभ निदान**- मल्टीपल मायलोमा, जो अस्थि मज्जा में प्लाज्मा कोशिकाओं को प्रभावित करता है, का निदान आमतौर पर 65 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों में किया जाता है। नेहा का मामला न केवल उसकी उम्र के कारण बल्कि उसके लक्षणों की तीव्र प्रगति के कारण भी असामान्य था, जो अस्पष्टीकृत थकान, हड्डियों में दर्द और बार-बार होने वाले संक्रमणों से शुरू हुआ था। अक्टूबर 2024 में निदान किए जाने के बाद, एक नियमित रक्त परीक्षण में असामान्य प्रोटीन स्तर का पता चलने के बाद, नेहा को एक कठिन निदान का सामना करना पड़ा। यह भयानक था- मैंने जो कुछ भी पढ़ा, उसमें कहा गया था कि यह वृद्ध वयस्कों की बीमारी है, उसने याद किया।

**उपचार का मार्ग**- नेहा की देखभाल करने वाली टीम ने, जिसका नेतृत्व रक्त कैंसर के विशेषज्ञ ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. रवि जायसवाल ने किया, आक्रामक दृष्टिकोण अपनाया। कैंसर कोशिकाओं को कम करने के लिए कीमोथेरेपी और इम्यूनोथेरेपी के शुरुआती दौर के बाद, नेहा ने एक ऑटोलॉगस स्टेम सेल ट्रांसप्लांट करवाया- एक ऐसी प्रक्रिया जिसमें उसकी अपनी स्वस्थ स्टेम कोशिकाओं को काटा गया, संग्रहीत किया गया और घातक कोशिकाओं को नष्ट करने के लिए उच्च खुराक कीमोथेरेपी के बाद फिर से पेश किया गया। डॉ. जायसवाल ने बताया कि उसके जैसे युवा रोगियों के लिए, प्रत्यारोपण विशेष रूप से प्रभावी हो सकता है क्योंकि वे गहन उपचार के लिए अधिक लचीले होते हैं। सहायक देखभाल में प्रगति, जैसे संक्रमण और दुष्प्रभावों के बेहतर प्रबंधन ने भी परिणामों में काफी सुधार किया है।

**एक कठिन लेकिन उम्मीद भरी यात्रा**- मार्च 2025 में की गई प्रत्यारोपण प्रक्रिया के लिए नेहा को अपनी कमज़ोर प्रतिरक्षा प्रणाली की रक्षा के लिए कई सप्ताह तक एकांतवास में रहना पड़ा। मतली, माइलोसप्रेशन और अत्यधिक थकान जैसी चुनौतियों के बावजूद, उसकी रिकवरी उम्मीदों से कहीं ज़्यादा रही। हाल ही में किए गए परीक्षणों में कोई भी कैंसर कोशिका नहीं पाई गई, जिससे पता चला कि वह कैंसर-मुक्त है।

**भविष्य के लिए निहितार्थ**- नेहा की सफलता की कहानी प्रारंभिक पहचान और व्यक्तिगत उपचार योजनाओं के महत्व को रेखांकित करती है। रायपुर के एक प्रमुख कैंसर विशेषज्ञ डॉ. रवि जायसवाल ने कहा कि जीनोमिक परीक्षण ने उनकी चिकित्सा को अनुकूलित करने में भूमिका निभाई, जो ऑन्कोलॉजी में एक बढ़ती प्रवृत्ति है। उन्होंने कहा कि यह मामला साबित करता है कि उम्र को उचित होने पर आक्रामक उपचार तक पहुंच को सीमित नहीं करना चाहिए।

शोधकर्ता इस बात पर भी जोर देते हैं कि बीएमटी को उभरते उपचारों, जैसे कि सीएआर-टी सेल थेरेपी के साथ मिलाकर दीर्घकालिक जीवन को बेहतर बनाया जा सकता है। फिलहाल, नेहा की रिकवरी छत्तीसगढ़ और आस-पास के राज्यों के हजारों मायलोमा रोगियों के लिए उम्मीद की किरण है।

आगे की ओर देखना अब शिक्षण के प्रति अपने जुनून पर वापस आते हुए, नेहा अस्थि मज्जा दाता पंजीकरण की वकालत करती हैं। उन्होंने कहा कि किसी की कोशिकाएँ किसी की जान बचा सकती हैं। मैं इस बात का सबूत हूँ कि दुर्लभ निदानों का भी सुखद अंत हो सकता है।

जैसे-जैसे चिकित्सा प्रोटोकॉल विकसित हो रहे हैं, नेहा की यात्रा युवा मायलोमा रोगियों के लिए आगे का रास्ता दिखाती है- एक ऐसा रास्ता जहां लचीलापन, नवाचार और विज्ञान मिलकर जीवित रहने की कहानियों को फिर से लिखते हैं।

# विश्व नवकार दिवस पर श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में 29 लाख 16 हजार नवकार महामंत्र का जाप



### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवकार जाप किया, वर्चुअल जुड़ा जैन समाज

### नवकार महामंत्र में पंच परमेष्ठी के 108 गुणों का स्मरण करते हुए उच्चारण पूर्वक जाप

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वर जी द्वारा प्रतिष्ठित श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी, भैरव सोसायटी में विश्व नवकार दिवस 9 अप्रैल को प्रातः 8 . 30 बजे से नवकार महामंत्र का जाप किया गया। श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि नवकार महामंत्र के नव पदों के उच्चारण की ध्वनि तरंगों से विश्व शांति, अहिंसा, जीव दया के वातावरण का निर्माण होता है, नमस्कार महामंत्र में पंचपरमेष्ठी के 108 गुणों का स्मरण किया जाता है। एक पक्की माला में 108 बार नवकार का जाप होता है। पूरे भैरव सोसायटी, दावड़ा, वालफोर्ड, जैनम, आम्रपाली व आसपास के 1000 से ज्यादा जैन परिवारों में भाई बहनों ने 9 - 9 नवकार की पक्की माला जाप किया। भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के अवसर पर जन्मकल्याणक पखवाड़े के तहत मूक पशु पक्षियों की सेवा व मानव सेवा के प्रकल्प हो रहे हैं, ट्रस्टी नीलेश गोलछा ने बताया कि चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी में जयपुर पैर का वितरण किया जाता है, आज मंदिर परिसर में 100 वे जयपुर पैर का वितरण किया गया। स्व राजेन्द्र पारख, डोंडीलोहारा के आत्मश्रेयार्थ, संतोष सरला बैद, स्व प्रवीण भाई पटेल के आत्मश्रेयार्थ रूपेश पटेल द्वारा दिव्यांगों को कृत्रिम पैर में सहयोग प्रदान किया गया।

# कुनकुरी दिगम्बर जैन समाज नवकार दिवस पर इतिहास रचा



**कुनकुरी ( विश्व परिवार )।** कुनकुरी जैन समाज द्वारा जीतो के आव्हान पर विश्व व्यापी नवकार दिवस पर इतिहास रच दिया और जीतो के सपनो को साकार कर दिया। कुनकुरी दिगंबर जैन समाज द्वारा श्वेतांबर जैन धर्म के साधु साध्वियों के सानिध्य मे नवकार दिवस मनाया।

श्री गजेन्द्र पाटनी ने मंच का संचालन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और श्वेतांबर साधु-संतो से निवेदन किया कि कल सकल जैन समाज आपके सानिध्य मे महावीर जयंति धूम-धाम से मनाना चाहता है जिसकी स्वीकृति प्रदान करें। अगर इसी तरह पूरे विश्व मे दिगंबर श्वेतांबर साधु-संत एक होकर एकता का संदेश दे तो विश्व में जैन धर्म अग्रिम पंक्ति मे रहेगा। जिस समाज मे जैन समाज का राष्ट्रीय पदाधिकारी हो तो राष्ट्रीय संदेश सकारात्मक सोच के साथ धर्म जन जन तक पहुंचने से कोई नही रोक पायेगा। उन्होने सर्व जैन समाज से आग्रह करता किया कि कुनकुरी दिगंबर जैन समाज की अनुकरणीय पहल का अमल करें और कार्यक्रम आयोजित किए जाने धन्यवाद व आभार प्रकट किया।

**भगवान महावीर जन्मकल्याण महोत्सव 2624**

# दादाबाड़ी समेत विश्वभर में गूंजा नवकार महामंत्र, मानवता के कल्याण एवं विश्व शांति की हुई प्रार्थना

### वर्धमान से महावीर तक, 50 से ज्यादा बच्चों ने भगवान महावीर जीवन के सफर का किया मंचन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के क्रम में एमजी रोड स्थित जैन दादाबाड़ी में बुधवार को विश्व नवकार महामंत्र दिवस को बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन द्वारा एक विशेष भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल धार्मिक भावनाओं से जुड़ा है, बल्कि मानवता के कल्याण और विश्व शांति की दिशा में एक सार्थक पहल भी है। चेयरमैन तिलोकचंद बरड़िया ने बताया कि नवकार महामंत्र केवल जैन धर्म के अनुयायियों के लिए नहीं, बल्कि यह समस्त मानवता के कल्याण का मार्गदर्शक मंत्र है। यह दिव्य मंत्र शांति, सकारात्मकता और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत है, जो जीवन को संतुलित और समृद्ध बनाने की शक्ति रखता है। इस अवसर पर विश्वभर में लोगों ने एक साथ नवकार महामंत्र का जाप किया और संपूर्ण जगत की शांति एवं समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम का आयोजन जैन दादाबाड़ी एमजी रोड में प्रात: 7.02 से 9.36 बजे तक किया गया। इस दौरान महावीर जन्म कल्याणक समिति के अध्यक्ष महावीर कोचर, महासचिव सिद्धार्थ डागा, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र डागा आदि मौजूद रहे।

**वीर जन्मोत्सव के संग... मेहंदी के रंग**- निरवाना ग्रुप ने दादाबाड़ी में भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के दौरान बुधवार को वीर जन्मोत्सव के रंग मेहंदी के संग का आयोजन किया। दादाबाड़ी में दोपहर को सांस्कृतिक के साथ भक्तिमय कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें राहुल झाबक और पूनम बरमट ने अपनी प्रस्तुति दी।

दादाबाड़ी प्रांगण में वीर महोत्सव के दौरान 500 से ज्यादा महिलाओं के हाथों में प्रभु के जन्म उत्सव के नाम की मेहंदी लगाई गई। साथ ही बच्चों के लिए फन गेम जोन का आयोजन किया गया था, जहां बच्चों ने खेल के माध्यम से धर्म को पहचाना।

# भारत निर्वाचन आयोग का व्यापक जमीनी प्रशिक्षण कार्यक्रम तेज़ी पकड़ रहा है

**पश्चिम बंगाल के 217 बीएलओ, 2 डीईओ और 12 ईआरओ का प्रशिक्षण IIIDEM प्रारंभ**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आज से IIIDEM (इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट) में पश्चिम बंगाल से आए 2 जिला निर्वाचन अधिकारी (DEOs), 12 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (EROs) और 217 बूथ लेवल अधिकारी (BLOs) के लिए दो दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। यह पहल, आयोग द्वारा 4 मार्च को IIIDEM में आयोजित सीईओ सम्मेलन में परिकल्पित जमीनी चुनाव अधिकारियों की क्षमता वृद्धि के व्यापक प्रशिक्षण योजना का हिस्सा है।

इसके अतिरिक्त, मीडिया नोडल अधिकारियों, सोशल मीडिया नोडल अधिकारियों और जिला जनसंपर्क अधिकारियों के लिए एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम आज IIIDEM, नई दिल्ली में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य बदलते मीडिया परिदृश्य में चुनाव अधिकारियों के बीच समन्वय और तैयारी को सशक्त बनाना था।

## मीडिया और सोशल मीडिया नोडल अधिकारियों एवं जिला पीआरओ के लिए एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम सम्पन्न

28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों से आए मीडिया अधिकारियों ने इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम में भाग लिया, जिसका उद्देश्य एक प्रभावी संचार रणनीति विकसित करना है ताकि सूचना सक्रिय रूप से प्रसारित की जा सके, गलत सूचना का मुकाबला किया जा सके, और विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से मतदाता जागरूकता को बढ़ावा दिया जा सके- यह सब विधिक ढांचे (RP अधिनियम 1950 और 1951, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960, निर्वाचन संचालन नियम 1961 और आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों) के अनुरूप किया जाएगा।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने अपने संबोधन में यह स्वीकार करते हुए कि मीडिया चुनाव प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण भागीदार है, तथ्यात्मक, समय पर और पारदर्शी संचार की महत्ता को रेखांकित किया, जिससे मतदाताओं का चुनाव प्रक्रिया में विश्वास बना रहे, विशेषकर इस डिजिटल सूचना युग में।

उन्होंने यह भी कहा कि मीडिया अधिकारियों को सही जानकारी के प्रचार में सक्रिय रहना चाहिए और मतदाताओं को तथ्यहीन कथाओं से बचाते हुए उन्हें सही जानकारी से सशक्त बनाना चाहिए।

# रमेश ढोमने का निधन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री रमेश ढोमने पिता स्वं सदाशिव राव ढोमने वर्तमान निवासी देवरी महाराष्ट्र का आज दिनांक 09/04/2025 सुबह लगभग 08:00 बजे इनका स्वर्गवास हो गया जिनका अग्नि संस्कार आज देवरी महाराष्ट्र के मुक्तिधाम में दोपहर को किया गया। वे रायपुर निवासी सुधीर ढोमने, प्रवीण ढोमने के बड़े भाई थे।

# हनुमान नगर : प्रभात फेरी में बच्चों ने दिया महावीर स्वामी का संदेश

**रायपुर।** भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के अवसर पर बुधवार को सुबह 6.30 बजे हनुमान नगर में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। भगवान महावीर स्वामी का संदेश लेकर बच्चे उनके जीवन पर आधारित विभिन्न वेशभूषा धारण किया।


कार्यालय-कार्यपालक निदेशक (योजना वाणिज्य एवं नियामक मामले)
छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर
(छ.रा.वि.मण्डल के उत्तरवर्ती कंपनी) (छ.ग. शासन का एक उपक्रम)
क्रमांकः- 02-12/यो.वा. एवं नि.मा./निविदा/58 रायपुर, दिनांक 08/04/2025

//निविदा आमंत्रण सूचना//

कार्यपालक निदेशक (योजना वाणिज्य एवं नियामक मामले) छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रान्समिशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर कार्यालय में 01 नं. कार (केटेगरी-1) अनुबंधित करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रं. | निविदा क्रमांक | विवरण | निविदा पत्र की कीमत | धरोहर राशि रू | निविदा खुलने की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | क्रमांक 58 दिनांक 08/04/2025 | 01 नं. कार (केटेगरी-1) | 2000/- (18 प्रतिशत जी.एस.टी. सहित) | 5740.00 | 01.05.2025 |

शेष जानकारी कंपनी के वेबसाईट www.cspc.co.in से प्राप्त की जा सकती है।
कार्यपालक निदेशक (यो०वा० एवं नि०मा०)
छ.ग.स्टे.पॉ.ट्रांस.कं.लिमि., रायपुर
स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचायें
SAMVAD- 43489/ 3


# भिवंडी-संकरेल एवं खड़गपुर-ठाणे के मध्य 3 फेरों के लिए समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन

### सामान्य श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों को मिलेगी सुगम आवागमन की सुविधा

### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर, रायपुर व गोंदिया स्टेशन से यात्रा करने वाले यात्री होंगे लाभान्वित

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** ग्रीष्मकालीन के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये सामान्य श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों की विशेष सुविधा हेतु भिवंडी-संकरेल एवं खड़गपुर-ठाणे के मध्य 03 फेरों के लिए समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 01149 भिवंडी-संकरेल साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन, भिवंडी से 09 अप्रैल 2025 से 23 अप्रैल 2025 तक (03 फेरा) प्रत्येक बुधवार को चलेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01150 खड़गपुर-ठाणे साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन, खड़गपुर से 12 अप्रैल 2025 से 26 अप्रैल 2025 तक (03 फेरा) प्रत्येक शनिवार को चलेगी।

**इन गाड़ियों की समय सारिणी**- गाड़ी संख्या 01149 भिवंडी-संकरेल साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन, भिवंडी से 09 अप्रैल 2025 से 23 अप्रैल 2025 तक प्रत्येक बुधवार को 22.30 बजे प्रस्थान कर, मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुये दूसरे दिन अर्थात प्रत्येक गुरुवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ठहराव वाली स्टेशन गोंदिया स्टेशन आगमन 16.30 बजे, प्रस्थान 16.32 बजे, रायपुर स्टेशन आगमन 20.05 बजे, प्रस्थान 20.10 बजे, बिलासपुर स्टेशन आगमन 22.50 बजे, प्रस्थान 22.52 बजे, एवं अन्य स्टेशनों पर ठहराव के बाद शुक्रवार को 13.00 बजे संकरेल स्टेशन पहुंचेगी। इस गाड़ी में यात्रीगण भिवंडी-खड़गपुर के मध्य सभी ठहराव वाले स्टेशनों तक यात्रा कर सकेंगे।

इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 01150 खड़गपुर-ठाणे साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन, खड़गपुर से 12 अप्रैल 2025 से 26 अप्रैल 2025 तक प्रत्येक शनिवार को 13.45 बजे प्रस्थान कर, मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुये दूसरे दिन अर्थात प्रत्येक रविवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ठहराव वाली बिलासपुर स्टेशन आगमन 10.45 बजे, प्रस्थान 10.47 बजे, रायपुर स्टेशन आगमन 12.40 बजे, प्रस्थान 12.50 बजे, गोंदिया स्टेशन आगमन 15.13 बजे, प्रस्थान 15.15 बजे, एवं अन्य स्टेशनों पर ठहराव के बाद सोमवार को 10.30 बजे ठाणे स्टेशन पहुंचेगी। इस समर स्पेशल ट्रेन में 02 एसएलआरडी, 10 जनरल, 10 पार्सल यान सहित कुल 22 कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

**इन गाड़ियों के वाणिज्यिक ठहराव**- रास्ते में ये गाडियाँ दोनों दिशाओं में कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, मनमाड, जलगाँव, भुसावल, अकोला, बड़नेरा, वर्धा, नागपुर, गोंदिया, रायपुर, बिलासपुर, झारसुगुड़ा, राऊरकेला, चक्रधरपुर, टाटानगर, खड़गपुर स्टेशनों पर रुकेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा NTES/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें। उक्त विशेष ट्रेनों के विस्तृत समय और ठहराव की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं या NTES ऐप डाउनलोड करें।


दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
मौजूदा चैनल स्लीपर्स का नवीनीकरण हेतु निविदा सूचना
क्रम सं. (1) ई-निविदा संख्या : DRM-ENGG-BSP-T-23-25-26. दिनांक 04/04/2025.
कार्य : वरिष्ठ मंडल अभियंता/मध्य/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत एच-बीम स्लीपर्स से मौजूदा चैनल स्लीपर्स का नवीनीकरण।
निविदा मूल्य: ₹ 1,46,30,214.74/-। अमानत राशि: ₹ 2,23,200.00/-। कार्य पूर्णता की अवधि : 10 माह।
निविदा जमा करने की आरंभ तिथि : दिनांक 21.04.2025 के 11:00 बजे से।
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि : दिनांक 05.05.2025 के 11:00 बजे तक।
उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेन्डर के अलावा अन्य टेन्डर स्वीकार नहीं की जाएगी।
मंडल रेलवे प्रबंधक (अभियंता)
सीपीआर/10/07 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail



ITR फाइल 500/-
Whatsapp पर बनवाऐं
Income Tax फाइल, GST रजिस्ट्रेशन, TDS रिफंड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट
CMA DATA, MSME, BALANCE SHEET, फूड लाइसेंस
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
www.onlytds.com
सम्पर्क - शेखर गुप्ता 9300755544 - 8878655544

## संपादकीय

### समुद्र पर पंबन रेल ब्रिज

देश के मुख्य भू भाग से रामेश्वरम को बढ़ते यातायात की आवश्यकताओं को देखते हुए, भारत सरकार ने पिछले कुछ वर्षों से बंद पड़े पुराने पंबन ब्रिज के समानांतर एक नया आधुनिक पुल बनाया है , जिसका उदघाटन रामनवमी के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। नया पंबन ब्रिज 2.1 किलोमीटर लंबा है और इसमें कुल 100 स्पैन हैं, जिनमें से 99 स्पैन 18.3 मीटर लंबे हैं तथा एक मुख्य नेविगेशनल स्पैन 72.5 मीटर लंबा है।इस स्पेन की विशेष बात इसका वर्टिकल लिफ्ट है, जो भारत में अपनी तरह का पहला है। यह स्पैन 17 मीटर तक ऊंचा उठ सकता है, जिससे बड़े जहाज और नौकाएँ समुद्र में पुल के नीचे से गुजर सकती हैं। यह प्रणाली अत्याधुनिक इलेक्ट्रो-मैकेनिकल तकनीक पर आधारित है, और रेलवे नियंत्रण प्रणाली के साथ पूरी तरह इंटरलॉक्ड है, जिससे इसकी संचालन प्रक्रिया बेहद सुरक्षित और सटीक होगी । नए पुल के निर्माण में लगभग 535 करोड़ रुपये की लागत आई है। इसमें 3.38 लाख सीमेंट बैग, 4,500 मीट्रिक टन संरचनात्मक स्टील और 5,772 मीट्रिक टन स्टेनलेस स्टील का उपयोग किया गया है। पुल के टावरों की ऊंचाई 34 मीटर है और इसका डिज़ाइन भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार तैयार किया गया है कि इसे डबल लाइन व विद्युतीकरण के अनुकूल आसानी से परिवर्तित किया जा सकेगा । यह लोहे का पुल है अतः, समुद्री जल के संक्षारण से बचाव के लिए विशेष पेंटिंग तकनीक अपनाई गई है, जिससे इसकी उम्र और टिकाऊपन में वृद्धि होगी। इस ब्रिज का महत्व केवल इंजीनियरिंग की दृष्टि से ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और आर्थिक दृष्टिकोण से भी बहुत अधिक है। यह रामेश्वरम जैसे धार्मिक स्थल को देश के अन्य हिस्सों से जोड़ता है और पर्यटन, व्यापार तथा स्थानीय मछुआरों की आजीविका को भी सशक्त करता है। पुराना यातायात हेतु बंद पंबन ब्रिज और नया पंबन ब्रिज दोनों ही भारत की इंजीनियरिंग प्रतिभा, संकल्प शक्ति और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक हैं। जहां पुराना पुल भारतीय रेलवे की शताब्दी पुरानी सेवा का साक्षी है, वहीं नया पुल आधुनिक भारत के आत्मनिर्भर और तकनीकी रूप से सक्षम राष्ट्र की छवि को प्रस्तुत करता है। जब कोई यात्री पंबन ब्रिज से गुजरेगा तो वह केवल एक यात्रा नहीं , बल्कि इतिहास, संस्कृति और आधुनिकता के मिलन बिंदु से होकर गुजरेगा । तब समुद्र पार करने का उसका अनुभव न केवल भौतिक यात्रा का हिस्सा होता है, बल्कि रामेश्वरम की धार्मिक, अध्यात्मिक और अपने उन्नयन की आत्मिक यात्रा का भी प्रतीक बन जाता है।

## आलेख

### नया कश्मीर नई लाइफ लाइन.....

उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना यानि यूएसबीआरएल भारतीय रेल के स्वर्णिम भविष्य का एक चमकता हुआ अध्याय है। जो देश के हर हिस्से को कश्मीर तक की अबाध यात्रा के मार्ग से जोड़ रही है। यह राष्ट्रीय परियोजना न केवल देश की इंजीनियरिंग क्षमताओं का प्रदर्शन है, बल्कि यह जम्मू-कश्मीर की भौगोलिक चुनौतियों पर विजय का प्रतीक भी है। हिमालय की ऊंचाइयों में चल रहे प्रोजेक्ट का सबसे चमकदार मोती है चिनाब ब्रिज। जो दुनिया का सबसे ऊंचा रेल पुल है। यह पुल समुद्र तल से 359 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है, जो एफिल टॉवर से 35 मीटर ऊंचा है और कुतुब मीनार से पांच गुना ऊंचा। 266 किलोमीटर प्रति घंटे चलती हवा की रफ्तार को भी चिनाब ब्रिज आसानी से झेल सकता है। 96 केबल के सहारे निर्मित 725 मीटर लंबा अंजी खड्ड ब्रिज देश का पहला केबल आधारित रेल ब्रिज है। कटरा-बनिहाल रेल खंड का हिस्सा ये पुल समुद्र तल से 331 मीटर ऊपर है। यह अद्भुत संरचना न केवल भारतीय रेल की उपलब्धियों की गाथा गाती है, बल्कि कश्मीर घाटी को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का भी वादा करती है। यूएसबीआरएल को भारतीय रेल के लिए एक 'आर्किटेक्चरल वंडर' माना जा रहा है। इस परियोजना की लंबाई 272 किलोमीटर है। जिसका अधिकांश हिस्सा दुर्गम पहाड़ियों, बर्फीले इलाकों और गहरी घाटियों से होकर गुजरता है। इसमें 943 छोटे-बड़े पुल और 36 मेन सुरंग शामिल हैं। जिसमें भारत की सबसे लंबी रेलवे सुरंग टी-50 भी है जो करीब 12.77 किलोमीटर है। भारत के सबसे कठिन रेल निर्माण प्रोजेक्ट में से एक यूएसबीआरएल की लागत करीब 42 हजार करोड़ रुपए है। यूएसबीआरएल न केवल भारत के लिए सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए भी मील का पत्थर साबित होगी। रोजगार के अवसरः परियोजना के निर्माण के दौरान हजारों लोगों को रोजगार मिला और इसके संचालन के बाद भी कई स्थानीय निवासियों को रोजगार मिलेगा। पुख्ता राष्ट्र सुरक्षाः रेल लिंक से न केवल सेना की त्वरित आवाजाही संभव होगी, बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों में संसाधनों की तेज आपूर्ति भी सुनिश्चित होगी। आर्थिक विकासः रेल लिंक से कश्मीर घाटी में व्यापारिक गतिविधियां तेज होंगी, जिससे कृषि उत्पादों, शिल्प और स्थानीय उद्योगों को बड़े बाजारों तक पहुंच मिलेगी। पर्यटन को बढ़ावाः इस रेल लिंक के जरिए कश्मीर में पर्यटन को नई ऊंचाई मिलेगी। पर्यटकों के लिए घाटी तक पहुंचना आसान और किफायती होगा। यूएसबीआरएल न केवल रेल की पटरी है, बल्कि यह उन उम्मीदों का मार्ग है, जो कश्मीर के भविष्य को उज्जवल बनाने की ओर अग्रसर है। इसमें ऐसे कई महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन हैं जो जम्मू कश्मीर की तरक्की, सुरक्षा, सुविधा और समृद्धि को सुगम करते हैं। 'कश्मीर घाटी का प्रवेश द्वार' कहे जाने जाने वाला काजीगुंड स्टेशन दक्षिणी कश्मीर को शेष क्षेत्र से जोड़ने की अहम कड़ी है। पंपोर, श्रीनगर, सोपोर, अनंतनाग जैसे रेलवे स्टेशन घाटी के प्रमुख व्यापारिक केंद्रों में से एक है। वहीं रियासी और कटरा रेलवे स्टेशन का विश्व प्रसिद्ध माता वैष्णो देवी मंदिर के निकट होने के कारण इसका महत्व बढ़ जाता है। उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना सिर्फ एक रेल संपर्क नहीं, बल्कि कश्मीर घाटी को भारत के बाकी हिस्सों से मजबूती से जोड़ने वाला एक ऐतिहासिक कदम है। भारतीय रेल ने इस परियोजना के साथ कश्मीर घाटी को विकास की मुख्यधारा में शामिल करने की जो प्रतिबद्धता जताई थी, वो जमीन पर साकार हो रही है।

# अपने भीतर के महावीर को जगाएं

–डॉ. सुनील जैन 'संचय',ललितपुर



जैन परम्परा में 24 तीर्थंकर हुए हैं। वर्तमान कालीन 24 तीर्थंकरों की श्रृंखला में प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव और 24वें एवं अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी हैं। भगवान महावीर के जन्म कल्याणक को देश-विदेश में बड़े ही उत्साह के साथ पूरी आस्था के साथ मनाया जाता है।

### राजघराने में हुआ जन्म

भगवान महावीर को वर्द्धमान, सन्मति, वीर, अतिवीर के नाम से भी जाना जाता है। ईसा से 599 पूर्व वैशाली गणराज्य के कुण्डलपुर में राजा सिद्धार्थ एवं माता त्रिशला की एक मात्र सन्तान के रूप में चैत्र शुक्ला त्रयोदशी को आपका जन्म हुआ था। तिलोयपण्णत्ति ग्रंथ में आपके जन्म के संबंध में उल्लेख है–

सिद्धत्थराय पियकारिणीहि णयरम्मिकुंडले वीरो।
उत्तर फग्गुणि रिक्खे चेत्त सिद सेरसीए उप्पण्णे ।।

### महावीर पूजा में लिखा है

जनम चैत सित तेरस के दिन, कुण्डलपुर कन वरना।
सुरगिरि सुरगुरु पूज रचायो, मैं पूजौं भवहरना।।

संत्रस्त मानवता के कल्याण हेतु धर्म का उपदेश दिया : 30 वर्ष तक राजप्रासाद में रहकर आप आत्म स्वरूप का चिंतन एवं अपने वैराग्य के भावों में वृद्धि करते रहे। 30 वर्ष की युवावस्था में आप महल छोड़कर जंगल की ओर प्रयाण कर गये एवं वहां मुनि दीक्षा लेकर 12 वर्षों तक घोर तपश्चरण किया। तदुपरान्त 30 वर्षों तक देश के विविध अंचलों में पदविहार कर आपने संत्रस्त मानवता के कल्याण हेतु धर्म का उपदेश दिया। ईसा से 527 वर्ष पूर्व कार्तिक अमावस्या को उषाकाल में पावापुरी में आपको निर्वाण (मोक्ष) प्राप्त हुआ।

नमः श्री वर्धमानाय, निर्भूत कलिलात्मने।
सालोकानाम् त्रिलोकानाम् यद्विद्या दर्पणायते ।।

अर्थात् जिन्होंने अपनी आत्मा के कर्ममल को धो डाला है और जिनकी विद्या में अलोकाकाश सहित तीन लोक दर्पणवत् प्रतिबिम्बित होते हैं, उन श्री वर्धमान जिनेन्द्र को नमस्कार है।

### महावीर बनने की तैयारी करें



महावीर जयंती हम प्रतिवर्ष मानते हैं, एकबार स्वयं महावीर के रास्ते पर चलने का यदि संकल्प ले लिया तो हम स्वयं महावीर बनने की ओर कदम बढ़ा लेंगे। इसलिए जरूरी है कि हम में से हर व्यक्ति महावीर बनने की तैयारी करें, तभी सभी समस्याओं से मुक्ति पाई जा सकती है। भगवान महावीर वही व्यक्ति बन सकता है, जो लक्ष्य के प्रति पूर्ण समर्पित हो, जिसमें दुःख-कष्टों को सहने की क्षमता हो। जिसको प्रतिकूल परिस्थितियों में भी संतुलन बनाना आ गया वह महावीर बन सकता है। आज की भागमभाग के जीवन में सुख-शांति की खोज महावीर के पथ से प्राप्त हो सकती है। जिसके मन मस्तिष्क में प्राणिमात्र के प्रति सहअस्तित्व की भावना हो। जो पुरुषार्थ के द्वारा अपना भाग्य बदलना जानता हो वह महावीर बन सकता है।भगवान महावीर ने अपनी देशना में मानव के लिए उपदेश दिया कि धर्म का सही अर्थ समझो। धर्म तुम्हें सुख, शांति, समृद्धि, समाधि -यह सब आज देता है या बाद में -इसका मूल्य नहीं है। मूल्य इस बात का है कि धर्म तुम्हें समता, ईमानदारी, सत्य, पवित्रता, नैतिकता, स्याद्वाद, अपरिग्रह और अहिंसा की अनुभूति कराता है या नहीं। युद्ध किए बिना ऐसे बने महावीर : भगवान महावीर ने कोई युद्ध नहीं किया फिर भी वे महावीर थे। वे सबसे बड़े विजेता थे क्योंकि उन्होंने किसी और को नहीं जीता बल्कि स्वयं को जीता।

जो सहस्सं सहस्साणं संगामे दुज्जये जिणे।
एगं जिणेज्ज अप्पाणं एस सो परमो जयो।।

अर्थात् जो युद्धक्षेत्र में हजारों-हजारों लोगों को जीतते हैं वे भी जिन नहीं हैं बल्कि जो एकमात्र अपने आप को जीतते हैं वही सच्चे विजेता हैं, वही जिनेन्द्र हैं। उन्होंने अपनी इंद्रियों को जीता था। हमें भी महावीर बनने के लिए, विजेता बनने के लिए भगवान महावीर की तरह आत्म विजेता बनने की दिशा में सार्थक कदम उठाना होंगे।

### हम बदलें, हमारा स्वभाव बदले

महावीर का जीवन हमारे लिए इसलिए महत्वपूर्ण है कि उसमें धर्म के सूत्र निहित हैं। आज महावीर के पुनर्जन्म की नहीं, बल्कि उनके द्वारा जीये गए मूल्यों के पुनर्जन्म की अपेक्षा है। जरूरत है हम बदलें, हमारा स्वभाव बदले और हम हर क्षण महावीर बनने की तैयारी में जुटें, तभी महावीर जयंती मनाना सार्थक होगा।

### कालजयी और असांप्रदायिक महापुरुष

महावीर बनने की कसौटी है- देश और काल से निरपेक्ष तथा जाति और संप्रदाय की कारा से मुक्त चेतना का आविर्भाव। भगवान महावीर एक कालजयी और असांप्रदायिक महापुरुष थे, जिन्होंने अहिंसा, अपरिग्रह और अनेकांत को तीव्रता से जीया। महावीर होने का अर्थ है संसार में रहते हुए भी निर्विकार रहना। संसार से उसी तरह निर्लिप्त रहना, जैसे कमल कीचड़ में रहकर उससे भिन्न खिलता है।

### असली महावीर और उनके सिद्धांत कहीं खो न जांय

आज स्वार्थ, मोह और छल -कपट का बाजार गर्म है। नीति -अनीति, सत्य- असत्य और न्याय-अन्याय आदि का कोई ध्यान रखें बगैर उच्च पदस्थ लोग भी विभिन्न प्रकार के भ्रष्ट आचरणों में लिप्त हो रहे हैं। अपने ही लोग अपनों को गिराने में लगे हैं, जलन , द्वेष- ईर्ष्या , मोह-माया की प्रवृत्ति मानव के मन मस्तिष्क में घर कर गयी है। मानव स्वार्थी इतना हो गया है कि उसे अपने सिवा कुछ दिखता नहीं है। धर्म के कार्यों में ठगी और मंच, माला, माइक की प्रवृत्ति ने असली महावीर और उनके सिद्धांत कहीं गुम से हो गए हैं। मानव का मुखौटा इतना दिखावटी, बनावटी और सजावटी हो गया है कि सत्य, असत्य की पहचान ही कठिन हो गयी है। वह यह भूल ही गया है कि एक दिन इस संसार से विदा भी होना है! यह दुखद है कि राजनीति, न्याय, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आए दिन आचरण की दृष्टि से कलुषित व्यवहार और मिथ्याचार की घटनाएं लगातार सुर्खियां बन रही हैं। इसी के साथ अपराधों की दुनिया का तेजी से विस्तार हो रहा है। ऐसे विकट हो रहे सामाजिक परिवेश में भगवान महावीर की प्रतीति और अनुभूति मार्गदर्शक भी है और आश्वस्त भी करने वाली है।

### महावीरमय होने की आवश्यकता

आज हमें अपने भीतर के महावीर को जगाने की और महावीरमय होने की आवश्यकता है। भगवान महावीर स्वामी का स्मरण और उनके साथ तादात्म्य स्थापित करने की चेष्टा मनुष्य को कुमार्गगामी होने से बचने और सन्मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती है।

### महावीर बनने के लिए 'मैं' का विसर्जन जरूरी

अपने अंदर के महावीर को जगाने के लिए एक ही सूत्र है - 'मैं' का विसर्जन। मैं और मेरा का सतत संघर्ष चलता रहता है। अहंकार आत्म विकास के मार्ग में सबसे बड़ा अवरोधक है। जहां मान होता है वहां प्रेम खत्म हो जाता है फिर भी हम मान को नहीं निकाल पाते हैं। मान में भगवान नहीं दिखाई देते हैं और गुरु को भी नकार देते हैं। मान में अहंकार का वास रहता है जो हमें धर्म से विमुख कर देता है। अहंकारी व्यक्ति अपने आपको श्रेष्ठ तथा अन्य को तुच्छ समझता है। अंह के विसर्जन के बाद ही आत्म विकास संभव हैं।

### भगवान महावीर सदैव अभिवंद्य रहेंगे

आज भी सत्य, धैर्य, धर्म, करुणा, क्षमा, मैत्री और अहिंसा आदि के पालन से ही जीवन को मूल्यवान बनाना संभव है। इसी पथ पर आगे बढ़ने में मानव का कल्याण निहित है। महावीरमय होने का आशय दैहिक, दैविक और भौतिक तीनों तरह के तापों से मानव समाज की मुक्ति है। इसके लिए मन, बुद्धि और कर्म तीनों को पवित्र करना होगा। तभी विचार में बल आ सकेगा, मन स्फूर्ति का संचार होगा और हमारे कर्म फलवान हो सकेंगे। इसी वृत्ति के साथ सन्नद्ध होने पर ही देश, समाज के उत्थान के कार्य में कामयाबी मिल सकेगी। आज विखंडित हो रहे समाज और विनाश की ओर बढ़ रही दुनिया को सही दिशा देने में भगवान महावीर की शिक्षाएं जितनी प्रासंगिक और उपयोगी हैं, उतना कोई नहीं। इसीलिए धरती की अविरल जीवन धारा के साथ भगवान महावीर सदैव अभिवंद्य रहेंगे।

एस सुरासुर-मणुसिंद-वंदिदं, धोद घाइ-कम्म-मलं । पणमामि वड्ढमाणं, तित्थं धम्मस्स कत्तारं।।-(प्रवचनसार-आचार्य कुंदकुंद)

## भगवान महावीर के सिद्धान्तों की उपादेयता' विषयक परिचर्चा

# आज अधिक प्रासंगिक हैं भगवान महावीर के सिद्धांत

**ललितपुर।** महावीर जयंती की पूर्व बेला पर अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन शास्त्रि परिषद व उत्कर्ष समूह, भारत के तत्वावधान में ' भगवान महावीर (वर्द्धमान ) के सिद्धांतों की उपादेयता' विषयक परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें विद्वानों ने भगवान महावीर के सिद्धांतों को वर्तमान परिपेक्ष्य में अधिक प्रासंगिक बताया।

01. शास्त्रि-परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री ब्र. जय कुमार निशांत ने बताया कि भगवान महावीर ने अपने जीवन काल में बहुत सी सामाजिक कुरीतियों की समाप्ति और समाज सुधार के लिए सम्यक आस्था, सम्यक ज्ञान और सम्यक आचरण के सिद्धान्तों का प्रयोग किया। अहिंसा के महानायक महावीर स्वामी ने जल, वृक्ष अग्नि, वायु और मिट्टी तक में जीवत्व स्वीकार किया है। उन्होंने अहिंसा की विशुद्ध व्याख्या करते हुए जल और वनस्पति के संरक्षण का भी उदघोष किया। उनके सिद्धान्तों पर चलकर हमें वृक्ष बचाओ संसार बचाओ उक्ति को अमल में लाना होगा। प्रकृति और पर्यावरण के विरुद्ध चलने से भूकंप, सुनामी, बाढ़ आदि प्राकृतिक प्रकोपों का हमें सामना करना पड़ रहा है।







02. शास्त्रि परिषद के प्रचारमंत्री व उत्कर्ष समूह के निर्देशक डॉ सुनील संचय का कहना है कि महावीर का जीवन हमारे लिए इसलिए महत्वपूर्ण है कि उसमें सत्य धर्म के व्याख्या सूत्र निहित हैं। महावीर ने उन सूत्रों को ओढ़ा नहीं था, साधना की गहराइयों में उतरकर आत्मचेतना के तल पर पाया था। जरूरत है हम बदलें, हमारा स्वभाव बदले और हम हर क्षण महावीर बनने की तैयारी में जुटें तभी महावीर जयंती मनाना सार्थक होगा।

03. शास्त्रि परिषद के सदस्य मुकेश शास्त्री ने कहा कि महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता और शुद्धता, जल संरक्षण, वृक्ष लगाओ, जनसँख्या नियंत्रण जैसे अभियान को गति प्रदान करने के लिए भगवान महावीर के सिद्धान्त आज अत्यधिक प्रासंगिक हो गए हैं। भूकंप, सुनामी, आतंकवाद, हिंसा, जातिवाद,लिंगभेद आदि जैसी बुराइयों पर काबू पाने के लिए महावीर स्वामी के सिद्धान्त अत्यन्त उपयोगी हैं।

04. विनीत शास्त्री कैलगुवा ने बताया कि भगवान महावीर के समय सबसे बड़ी बुराई वैचारिक मतभेद की पनपी थी और आज भी दुनिया इसी कारण से संघर्ष कर रही है। इसके लिए महावीर ने स्याद्वाद और अनेकान्त का अमोघ सूत्र दिया, जिससे यह बुराई समाप्त हो सकती है।

05.डॉ सचिन शास्त्री ललितपुर ने बताया कि भगवान महावीर का जीवन मानवीय मूल्यों की स्थापना की एक अनवरत और शाश्वत ज्योति की कहानी है। उन्होंने बताया कि एक धर्म आराधना में जाती, वर्ग, लिंग आदि के भेद के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्होंने साम्प्रदायिकता और जातीयता को दूर किया। अहिंसा परमो धर्म जैसे महान मूल्य की स्थापना कर महावीर स्वामी ने कहा कि सदाचार और नैतिकता का जीवन व्यतीत करते हुए व्यक्ति स्वयं ईश्वरत्व को प्राप्त कर सकता है।

संतप्त मानस शांत हो, जिनके गुणों के गान से।
वे वर्द्धमान महान जिन, विचरे हमारे ध्यान में।।

# भगवान महावीर का जिओ और जीने दो का अहिंसा संदेश आज भी प्रासंगिक

विजय कुमार जैन राघौगढ म.प्र.



अहिंसा के अवतार युगदृष्टा भगवान महावीर का 2624 वाँ जन्मोत्सव हम चैत्र शुक्ल 13 दिनांक 10 अप्रैल 25 दिन गुरुवार को मना रहे हैं। भगवान महावीर का 2551 वाँ निर्वाणोत्सव हमने कार्तिक कृष्णा अमावस्या 01 नवंबर 24 शुक्रवार को मनाया है। भगवान महावीर एक युग पुरुष, युग दृष्टा, एक महामानव थे। वे जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर थे। क्षत्रिय राज कुमार होने के बावजूद भी उन्होंने कभी विश्व विजय का सपना नहीं देखा। जिस समय भगवान महावीर का अवतरण हुआ, दुनिया में हिंसा और अत्याचार का बोल बाला था। महाबीर ने विषम परिस्थिति में सच्चा मार्ग दुनिया को दिखलाया। आपने प्राणीमात्र के सुख के लिये जिओ और जीने दो का अमूल्य मंत्र दिया। वर्तमान में भगवान महावीर के जन्मोत्सव के अवसर हम पीछे मुड़कर देखें तो विगत वर्षों सारी दुनिया कोरोना से पीड़ित रही है। कहते हैं चीन में आम आदमी ने जहरीले जीव जन्तुओं को अपनी जिव्हा का स्वाद बढ़ाने उनका वेरहमी से भक्षण किया, यह भी आरोप है कि कोरोना महामारी का शुभारंभ सन 2019 में चीन से हुआ, और यह महामारी सारी दुनिया में आग की तरह फैल गई। सभी ओर से आबाज थी, हिंसा और मांसाहार को त्याग कर ही कोरोना जैसी जानलेवा महामारी से बचा जा सकता हैं। इस महामारी से लड़ने भगवान महाबीर का अहिंसा शाकाहार सिद्धांत प्रासंगिक है। शाकाहारी समाज के लिये यह सुखद संदेश है कोरोना महामारी से पीड़ित दुनिया के लगभग सभी देशों में स्वस्थ्य रहने मांसाहार त्याग कर शाकाहार को स्वीकार किया जा रहा है।

विश्व प्रेम ही भगवान महावीर का दिव्य संदेश है। भगवान महावीर के इसी सिद्धांत को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अपने जीवन का मूलमंत्र माना था। हमारे भारत की यह नीति है किसी दूसरे देश की भूमि मत हड़पो। सन 1971 में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान युद्ध में पश्चिमी पाकिस्तान जीतकर उस पर कव्जा न कर स्वतंत्र बंगलादेश बनाया।

भगवान महावीर का मंगल उपदेश था, पाप से घ्रणा करो, न कि पापी से। उन्होंने विरोधी को कभी विरोध से नहीं वरन सद्भावना एवं शांति से जीता। भगवान महावीर ने दुनिया को अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह का पावन संदेश दिया, इस मार्ग पर चलकर उन्होंने सांसारिक बंधनों से मुक्त होकर मोक्ष प्राप्त किया। उन्होंने अपना कल्याण किया एवं मोक्ष मार्ग बताया। भगवान महावीर ने कहा-आत्मा के चार बड़े शत्रु हैं काम, क्रोध,लोभ और मोह। इनके चक्कर में पड़ा हुआ व्यक्ति जीवन में कभी अच्छे कार्य नहीं कर पाता। स्व कल्याण के लिये इन पर विजय प्राप्त करना बहुत आवश्यक है।

विश्ववंदनीय भगवान महावीर के जीवन एवं दर्शन का गहराई से अध्ययन करते हैं तो हम पाते हैं, वे किसी एक जाति या सम्प्रदाय के न होकर सम्पूर्ण मानव समाज की अमूल्य धरोहर हैं। वह सबके थे और सब उनके थे। वह स्वयं क्षत्रिय कुल में उत्पन्न हुए थे, उनके मुख्य गणधर इन्द्रभूति गौतम ब्राह्मण थे तथा उनकी धर्मसभा ( समवशरण) में सभी धर्मों और जातियों के लोग उनकी दिव्य देशना, मंगल उपदेश सुनने के लिये आते थे। उन्हें केवल जैनों या जैन मंदिरों तक सीमित रखना उनके उद्दात एवं विराट व्यक्तित्व के प्रति अन्याय है वह जैन नहीं जिन थे। इन्द्रियजन्य वासनाओं और मनोजन्य कषायों को जीत लेते हैं,वे कहलाते हैं जिन। किसी का भी कल्याण जैन बनकर नहीं, जिन बनकर ही हो सकता है। भगवान महावीर ने कहा है त्याग व तपस्या से जीवन महान बनता है। श्रावकों को अपने आचरण में अहिंसा तथा जीवन में अपरिग्रह रखना चाहिए।

युग दृष्टा, अहिंसा, करुणा, परोपकार की पावन प्रेरणा देने वाले भगवान महावीर के 2624 वे जन्मोत्सव के पुनीत अवसर पर हमे चिंतन करने की आवश्यकता है। वर्तमान में चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध,विश्व में बढ़ रहे अलगाववाद, आतंकवाद, सम्प्रदायवाद, हिंसा की निरंतर बढ़ती प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने भगवान महावीर के सिद्धांत प्रासंगिक हैं। महावीर के सिद्धांत प्राणीमात्र के लिए हितकारी हैं।आज हम त्याग, सेवा, परोपकार के मार्ग पर चलने के बजाय अपने-अपने स्वार्थों को पूरा करने में लिप्त हो गये हैं। वर्तमान में नई पीढ़ी को अच्छे संस्कार देने के स्थान पर उन्हें गुमराह किया जा रहा है, नई पीढ़ी भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों से विमुख होकर पाश्चात्य संस्कृति का अनुकरण कर रही है। समाज का नेतृत्व करने बाले ही पतन के मार्ग चलने लगे तो नई पीढ़ी को कैसा आदर्श मिलेगा। क्रांतिकारी जैन संत समाधिस्थ मुनि तरुण सागर जी महाराज ने कड़वे प्रवचन करते हुए कहा था भगवान महावीर को जैन मंदिर की चार दीवारी से बाहर निकाल कर नगर के मुख्य चौराहे पर लाना होगा, तभी जनमानस भगवान महावीर जीवन दर्शन को समझ सकेगा।

दुनिया में सुख शांति की स्थापना करने के लिये हमें हर कीमत पर भगवान महावीर के बताये मार्ग पर चलना होगा। तभी भारत की प्राचीन संस्कृति और विरासत की रक्षा होगी। भारत ने कभी हिंसा में विश्वास नहीं किया। हमारा विश्वास भगवान महावीर के सिद्धांतों पर चलकर दूसरों की जान लेकर जीने में नहीं वरन अपनी जान की बाजी लगाकर दूसरों की रक्षा करने में है। अलगाव वाद,साम्राज्यवाद, तानाशाही से विश्व मुक्त हो इस हेतु भगवान महावीर द्वारा बताये मार्ग का अनुशरण करने में ही हम सबका कल्याण होगा। भगवान महावीर का जन्मोत्सव एवं निर्वाणोत्सव मनाकर हम आज औपचारिकता ही कर रहे हैं। आवश्यकता है उनके द्वारा बताये मार्ग पर चलने की।

भगवान महावीर के उपदेश को जैन धर्म की मेरी भावना नामक सुप्रसिद्ध विनती की निम्न पंक्तियां सार्थक करती हैं:-

**मैत्री भाव जगत में मेरा सब जीवों से नित्य रहे,**
**दीन दुखी जीवों पर मेरे उर से करुणा स्त्रोत वहें।**

# श्री त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर-6 में विश्व णमोकार महामंत्र में मानवता के मंत्र का जाप करते हुए सैकड़ो भक्तों ने प्रधानमंत्री मोदी के 9 संकल्पों को ग्रहण किया

**भिलाई ( विश्व परिवार )।** आज श्री त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 भिलाई में 1008 शांतिनाथ भगवान और भगवान मंगल अभिषेक शांति धारा भक्तों ने किया तत्पश्चात विश्व णमोकार महामंत्र दिवस पर जैन मिलन जैन ट्रस्ट जैन महिला क्लब और सफल जैन समाज सेक्टर से भिलाई द्वारा आयोजित णमोकार मंत्र दिवस का शुभारंभ भगवान महावीर स्वामी जी के छायाचित्र पर जैन मिलन जैन ट्रस्ट और सकल जैन समाज के सम्मानित जनों जिसमें प्रमुख डॉ उपेंद्र जैन जैन मिलन के अध्यक्ष मुकेश जैन ज्ञानचंद बाकलीवाल दीपचंद जैन प्रकाश गोलछा ज्ञानचंद जैन महावीर बेगानी कमल जैन प्रदीप जैन बाकलीवाल सोमेश बाकलीवाल भावेश भाई शाह द्वारा मंगलदीप प्रज्वलन किया श्रीमती किरण जैन के णमोकार महामंत्र का शुभारंभ करते हुए भगवान महावीर स्वामी की जयकार के साथ आज जैन भवन सेक्टर 6 भिलाई में णमोकार महामंत्र का विज्ञान भवन दिल्ली से प्रसारित कार्यक्रम से सीधा जुड़ते हुए 108 णमोकार महामंत्र का जाप उपस्थित धर्म सभा में जैन भवन प्रांगण में किया प्रचार प्रसार प्रभारी प्रदीप जैन बाकलीवाल ने बताया कि आज जैन भवन सेक्टर 6 में अनेक समाजसेवियों के साथ सैकड़ो की संख्या में गौरवशाली उपस्थिति के मध्य आज इस णमोकार मंत्र का सीधा प्रसारण माननीय प्रधानमंत्री जी मोदी जी ने जैन धर्म के णमोकार मंत्र का बहुत गहराई से मोदी जी ने अध्ययन करते हुए।





णमोकार महामंत्र की महत्व को स्वीकारते हुए जैन धर्म जैन धर्म की महिमा एवं अहिंसा धर्म का का विस्तार पूर्वक वर्णन किया और बताया कि लोकतंत्र के मंदिर में भी णमोकार मंत्र और जैन धर्म का प्रभाव दिखता है

आप लोगों ने नई संसद भवन देखा होगा। नई संसद में जैन धर्म का प्रभाव साफ दिखता है जैसे ही आप शार्दुल द्वार में स्थापित गैलरी मैं श्री सम्मेद शिखर तीर्थ की रचना. दिखती है लोकसभा के प्रवेश द्वार पर तीर्थंकर देव की मूर्ति है यह (प्रतिमा ) मूर्ति ऑस्ट्रेलिया से लाई गई है।

संविधान की छत पर भगवान महावीर की अद्भुत पेंटिंग है एवं दीवार पर 24 तीर्थंकर भगवान की एक साथ चित्रण किया हुआ है णमोकार मंत्र में पंच परमेष्ठी भगवान को नमन किया गया है नवकार मंत्र में नो अक्षर की महिमा है 09 अक्षर अखंड है जैसे भी आप 09 9 का गुणनफल करेंगे तो अंत में 108 आएगा जैन धर्म हमें बाहर की दुनिया नहीं बल्कि खुद को जीतने की प्रेरणा सीखाता है।

जब हम खुद को जीत लेते हैं तो अरिहंत बनते हैं। मोदी जी ने कहा कि नवकार मंत्र इंसान को भीतर से शुद्ध करता है और सौभाग्य की राह दिखाता है, नवकार मंत्र मानव ध्यान साधना आत्म शुद्धि का महामंत्र है इस महामंत्र से मैं अपने भीतर आध्यात्मिक शक्ति का अनुभव कर रहा हूं गुजरात में बचपन में जैन धर्म का प्रभाव हमें आध्यात्मिक के रूप में देखने को मिला नवकार मंत्र सिर्फ मंत्र नहीं है यह हमारी आत्मा शुद्ध का केंद्र है हमारे जीवन का मूल मंत्र है स्वयं से लेकर समाज पर इस मंत्र का असर पड़ता है इस मंत्र का प्रत्येक अक्षर अपने आप में एक मंत्र है।

नमो अरिहंतानम अर्थात अरिहंत भगवान जिन्होंने केवल ज्ञान प्राप्त किया और जो जीवो का बोध कराते हैं जिन्होंने आठ कर्मों क्षेय किया और मोक्ष मार्ग की और प्रशस्त हुए। आचार्य महावृतियों मुनिराजों इसका पालन करते हैं। मुझे अनेक आचार्य और मुनिराज का आशीर्वाद और सन्मार्ग मिला अरिहंत अर्थात जिन्होंने आठ कर्मों का छय किया था मोक्ष की प्राप्ति किए थे 36 गुन से कठिन तप की तक की आराधना करते हुए 27 महान गुण को धारण करते हुए मोक्ष की प्राप्ति किया। जब हम णमोकार मंत्र बोलते हैं तो 108 गुन का हम स्मरण करते हैं और मानवता का पाठ के साथ जीवन की दिशा णमोकार महामंत्र से हमें प्राप्त होती है।

गुरु ही प्रकाश है णमोकार मंत्र जो भीतर से लगता है। णमोकार मंत्र अर्थात स्वयं पर विश्वास करो स्वयं की आत्मा को शुद्ध करो दुश्मन बाहर नहीं दुश्मन हमारे भीतर है हमें अपनी नकारात्मक सोच, वेमष्यता वेनुष्यता, अविश्वास, स्वार्थ जो हमारे शत्रु है। इसे जो जीत लिया वही असली जीत है।

आज विज्ञान भवन से नवकार दिवस पर सभा में संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी आज नवकार मंत्र के 9 संकल्प में जिसमें पानी बचाने का संकल्प, एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छता का मिशन, Vokal फॉर मिशन, देव दर्शन 06 नेचुरल फार्मिंग, अपने हेल्दी लाइफस्टाइल, अपने योग और खेल को जीवन में लाना है, गरीबों की सहायता का संकल्प सभा में कराया।

आज मोदी जी ने विज्ञान भवन से णमोकार महामंत्र पर कहा कि आज पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है। आज भारत इस आध्यात्मिक के माध्यम से विकास की ओर अग्रसर है। मैं इस णमोकार महामंत्र के आयोजन के लिए Jitto संस्था और जैन समाज को नवकार दिवस पर अपनी बधाई देता हूं।

10 अप्रैल को त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर-6 में भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव पर सुबह भगवान महावीर स्वामी जी के 7 बजे अभिषेक शांति धारा पश्चात स्वल्प आहार ध्वजारोहण तत्पश्चात भव्य शोभायात्रा पालकी में नगर भ्रमण करेगी शोभायात्रा में अभिषेक के पश्चात मिलन चर्चा और मिलन भोज का आयोजन होगा। **-प्रदीप बाकलीवाल**

# आतंकवाद को हम आध्यात्मवाद से ही समाप्त कर सकते है : मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज

## विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मंत्रोच्चार से गूंजा रविंद्र भवन



**भोपाल ( विश्व परिवार )।** विश्व नवकार महामंत्र दिवस के अवसर पर आज रविन्द्र भवन, भोपाल में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष आयोजन में मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज के संघ सानिध्य में श्रद्धालुओं ने नवकार महामंत्र का लगातार सामूहिक जाप किया।इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन की ओर से उपमुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, कैबिनेट मंत्री श्री विश्वास सारंग तथा विधायक श्री भगवान दास सबनानी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।तथा सभी श्रद्धालुओं के साथ मिलकर नवकार महामंत्र का जाप कर इस पुण्य अवसर का लाभ उठाया कार्यक्रम का शुभारंभ आर्ष जैन के मंगलाचरण से हुआ जीतो के चेयरमैन प्रशांत जैन सहित समस्त पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में जैन एवं जैनैत्तर श्रद्धालु उपस्थित रहे लगातार णमोकार महामंत्र के उच्चारण से पूरे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ नवकार महामंत्र के गूंजते इन स्वरों ने रविन्द्र भवन को आध्यात्मिकता से ओतप्रोत कर दिया। इस अवसर पर मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज ने कहा कि आतंकवाद को हम आध्यात्मवाद से ही समाप्त कर सकते है,इस अवसर पर मुनि श्री निर्वेगसागर मुनि श्री विमलसागर, मुनि श्री अनंत सागर मुनि श्री संघान सागर सहित समस्त क्षुल्लक एवं स्वेताम्बर जैन समाज की आर्यिकाऐं भी मंच पर उपस्थित थी उन्होंने भी सभा को सम्वोधित किया। उपरोक्त कार्यक्रम जीतो इन्टरनेशनल द्वारा आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम उपरांत प्रोफेसर कालोनी के दिगम्बर जैन मंदिर से आहार चर्या संपन्न हुई मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज को आहार कराने का सौभाग्य वरिष्ठ पत्रकार एवं गुरु भक्त रविन्द्र जैन के निवास पर हुआ उपरोक्त जानकारी मुनिसंघ के प्रवक्ता अविनाश जैन ने देते हुये बताया 10 अप्रेल को राजधानी भोपाल में प्रात:7-30 बजे दि. जैन मंदिर चौक से भगवान महावीर का विशाल चलसमारोह निकाला जाऐगा जो कि निर्धारित मार्ग से वापिस दि. जैन मंदिर पहुंचेंगा एवं कलशाभिषेक होंगे मुनि संघ की आहार चर्या प्रोफेसर कालोनी से होगी एवं दौपहर दो बजे रविन्द्र भवन में विशेष धर्मसभा का आयोजन किया गया है जिसमें मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव एवं पंचायत ग्रामीण विकास श्रम मंत्री श्री प्रहलाद पटैल भाग लेंगे। दि. जैन पंचायत कमेटी के अध्यक्ष मनोज जैन बांगा एवं महामंत्री मनोज जैन आर एम सहित समस्त पदाधिकारियों ने इस मंगल अबसर को और अधिक मंगलमय बनाने की अपील की है। **-अविनाश जैन**

# जीतो कोल्हापुर द्वारा 9 अप्रैल को महा सैनिक दरबार में नवकार महामंत्र दिवस मनाया गया



**कोल्हापुर ( विश्व परिवार )।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद, कोल्हापुर के कार्याध्यक्ष श्री अभिषेक पाटील ने अवगत कराया की सम्पूर्ण विश्व के साथ धर्म नगरी कोल्हापुर में जितो द्वारा 9 अप्रैल को महामंत्र णमोकार का सामूहिक वाचन किया गया। जैन दर्शन का मूल आधार णमोकार महामंत्र, विश्व शांति और कल्याण की भावना के साथ सम्पूर्ण विश्व में 9 अप्रैल को णमोकार दिवस के रूप में मनाया गया।

जीवदया और अहिंसा की पावन भावना के साथ सकल जैन समाज कोल्हापुर जितो कोल्हापुर द्वारा द्वारा महा सैनिक दरबार,कोल्हापुर में प्रात:कालीन वेला में सुबह महासैनिक दरबार हॉल, ताराबाई पार्क, कोल्हापुर में नमो प्रभात (भक्ती)-सुबह 7.02 बजे से राज ओसवाल द्वारा भक्तीमय संगीत प्रस्तुतीसे कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

सुबह 7.45 स्वागत और दीप प्रज्वलन किया गया7 8.01 बजे से शार्प 9.00 बजे तक विश्वस्तरीय नमोकार महामंत्र जपानुष्ठान संपन्न हुआ। जाप के पश्चात सभी साधुजी गुरू भगवंत एवं साध्वीजी का विशेष आशीर्वचन हुआ।

प.पु. लक्ष्मीसेन महास्वामीजी, कोल्हापुर श्री संजय घोडावत जी, जितो कोल्हापूर चाप्टर के पदाधिकारी रवी संघवी जी चेअरमन, अनिल पाटील चीफ सेक्रेटरी, सिताराम कोरडे ट्रेझरर,राजीव परीख व्हॉइस चेअरमन, रमणलाल संघवी व्हाईस चेअरमन,जितेंद्र राठोड नवकार मंत्र कन्व्हेनर, दक्षिण भारत जैन सभा के खजिनदार संजय शेटे, दिगंबर जैन बोर्डिंग के चेअरमन सुरेश रोटे, युवा परिषद कोल्हापुर के कार्याध्यक्ष अभिषेक पाटील, अध्यक्ष स्नेहलता कापसे, श्री अमित गाट,डॉ रोहन अथने, श्री वरुण जैन,डॉ प्रिया जैन, प्रतीक ओसवाल आदि मान्यवर उपस्थित थे।

पुरुष- सफेद कुर्ता पायजमा महिलाये- लाल सारी / ड्रेस में पधारे थे। इस कार्यक्रम के प्रायोजक संजय घोडावत ग्रुप थे। निमंत्रक एवं आयोजक जितो मेन,लेडीज विंग, युथ विंग एवं सकल जैन समाज कोल्हापूर।

श्री 1008 महावीर दिगंबर जैन मंदिर, रुईकर कॉलनी,कोल्हापुर में भी णमोकर मंत्र दिवस मनाया गया। श्री भरतेश सांगरुळकर, श्री महावीर गाट, श्री विक्रांत नाईक, महेश चव्हाण, शिल्पा पाटील, मीनाक्षी नकाते, शैला पाटील, श्रेयस चौगुले, विपुल जैन आदि मान्यवर और श्रावक - श्राविका उपस्थित थे। सभी ने मिलकर नमोकार मंत्र का जाप्य किया। कार्यक्रम के पश्चात अल्पोहार की व्यवस्था की गयी थी।

**-अभिषेक अशोक पाटील**

# स्टेशन रोड पर राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए महापौर बाघमार ने किया प्याऊ घर का उद्घाटन



**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम।वार्ड क्रमांक 24 स्टेशन रोड स्वरूप टॉकीज के करीब सनशाइन हा.से.स्कूल परिसर के बाहर स्काउट गाइड द्वारा कंठ सुधा प्याऊ घर का शुभारंभ महापौर श्रीमती अलका बाघमार द्वारा, एमआईसी सदस्य ज्ञानेश्वर ताम्रकर, वार्ड पार्षद सुश्री पायल पाटिल, पूर्व पार्षद नरेश तेजवानी, शिक्षा विभाग क्रीड़ा अधिकारी तनवीर अकीर की उपस्थिति में सम्पन्न किया गया।इस अवसर पर महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने स्कूल परिसर में प्याऊ घर के शुभारंभ पर खुशी व्यक्त की और कहा कि यह स्कूल व राहगीरों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा।उन्होंने कहा कि यह प्याऊ घर बच्चों, शिक्षकों व राहगीरों को गर्मी के मौसम में पानी की सुविधा प्रदान करेगा। स्कूल परिसर के बाहर प्याऊ घर के शुभारंभ से स्कूल के बच्चे, शिक्षक सहित नगरिक बहुत खुश हैं।

उन्होंने महापौर को शुभारंभ के लिए धन्यवाद दिया।इस अवसर पर महापौर ने सभी का धन्यवाद किया।सन शाईन हा0 से0स्कूल में शाला परिसर के बाहर स्काउट-गाइड के तारतम्य से कंठ-सुधा प्याऊ का उद्घाटन भारी गर्मी के मौसम को देखते हुए राहीगरों के लिए किया गया। यह कार्यक्रम शाला के डायरेक्टर बी दर्शन ताल भागवानी के सौजन्य से सम्पन्न हुआ।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह है कि राह चलते प्यासे राहगिरों एवं पक्षियों की शुद्ध निर्मल जल से प्यास बुझाना।

इस प्याऊ को प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर खुबसुरती से सुसज्जित किया गया है।इस कार्यक्रम को संपादित करने के लिए प्राचार्या श्रीमती नम्रता नागर ने नवाचार कंठ सुधा प्याऊ के समस्त कार्य को संपादित किया गया।

# 105 हितग्राहियों को खुली लाटरी पद्धति के माध्यम से आवास आबंटन किया गया



**भिलाईनगर ( विश्व परिवार )।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं में महत्वपूर्ण प्रधानमंत्री आवास योजना संचालित है। जिसके तहत मकान हीन परिवारों को स्वयं का पक्का मकान दिये जाने का प्रावधान है। इसी के तहत आज नगर निगम भिलाई में 105 हितग्राहियो को उनकी पात्रता के अनुसार मकान का आबंटन लाटरी निकालकर किया गया। जो हितग्राही मकान का 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा किए थे, उनही हितग्राहियो को सबके बीच नाम से बुलाकर लाटरी में पर्ची उनके हाथो से निकलवाया गया। जिसके हाथ में जो मकान नबंर पर्ची में लिखा था, उसे आबंटन कर दिया गया।

शुरू से अब तक नगर निगम भिलाई में प्रधानमंत्री आवास के लिए कुल 4600 आवेदन प्राप्त हुए है। जिसमें से पात्र 2020 हितग्राहियों को मकान आबंटन किया जा चुका है। इसमें से 3709 हितग्राहियों को मकान आबंटन किया जाना शेष है। उक्त मकान निर्माण की प्रक्रिया में है। आज 105 हितग्राहियो को मकान आबंटित किया गया। प्रमुख स्थल अविनाश मेट्रोपालिश के 2 मकान, सूर्या विहार के पीछे खम्हरिया के 1 मकान, आम्रपाली वनांचल सिटी हाउसिंग बोर्ड के 2 मकान, सूर्या विहार के पीछे खम्हरिया के 11 मकान, कृष्णा इंजीनियरिंग के पीछे खम्हरिया के 61 मकान एवं एनार स्टेट खम्हरिया के 28 मकान आबंटित किए। जिसमें 17 दिव्यांगजनो को भूतल के मकान एवं 88 सामान्य वर्ग के हितग्राहियों को मकान आबंटन किया गया।

खुली लाटरी पद्वति में प्रमुख रूप से वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे। विधायक ने बताया कि प्रधानमंत्री जी की सोच है कि सभी नागरिको के सर पर छत होवे। उन्हे सस्ते एवं अच्छे मकान उपलब्ध कराया जावे। इसी के अंतर्गत आप सबको पारदर्शिता के साथ मकान आबंटित किया जा रहा है। महापौर पाल ने बताया कि हर व्यक्ति का सपना होता है, कि उसका स्वयं का मकान हो, जिसमें एक साथ एक ही छत के नीचे पुरा परिवार निवास करे। उन सभी परिवारों के सपने सरकार पुरी कर रही है। आयुक्त ने सभी नागरिको से अपील किए है कि निगम भिलाई में आवास हेतु आवेदन मिल रहा है, उसे भरे, मांगे गए दस्तावेज संलग्न करे और सूची में नाम आते ही लाटरी में भाग लेकर अपना स्वयं का मकान प्राप्त करें।

# शक्ति नगर में फूटे पाईप लाईन सुधार कार्य जारी

## गुरुवार देर शाम तक पानी सप्लाई सामान्य होने की संभावना

## जलगृह प्रभारी ने पार्षदों के साथ किया कार्य स्थल का निरीक्षण



**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत के शक्ति नगर की पानी टंकी से सप्लाई होने वाली बड़ी पाईप लाईन फूट जाने के कारण हो रही जल संकट को दूर करने आज जलगृह विभाग द्वारा महापौर अलका बाघमार के निर्देश पर उक्त टंकी का शट डाउन कर फूटे पाईप को बदलने कार्य प्रारंभ किया जो देर रात तक मरम्मत कार्य चलेंगे और कार्य पूर्ण होने के बाद ही गुरुवार रात्रि तक पानी सप्लाई सामान्य होने की संभावना है जेसीबी व अन्य संशाधनो के साथ प्रशिक्षित कर्मियों के द्वारा किए जा रहे पाईप लाईन सुधार कार्य का निरीक्षण करने जल गृह प्रभारी श्रीमती लीना दिनेश देवांगन स्वयं मौके पर पहुंची और अधिकारियों को मरम्मत कार्य जल्द पूर्ण करने व पानी सप्लाई नार्मल होने तक प्रभावित क्षेत्र में टैंकर से पानी देने के निर्देश दिए इस अवसर पर वार्ड पार्षद एवं लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर, पार्षद सुरुचि उमरे, सावित्री दमाहे, जलगृह कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, सहायक अभियंता गिरीश दीवान, उपयंत्री मोहित मरकाम, जल कार्य निरीक्षक नारायण सिंह ठाकुर आदि उपस्थित थे।

अमृत मिशन के तहत 2 वर्ष पूर्व शक्ति नगर में नई पानी टंकी का निर्माण किया गया था जिसके माध्यम से पानी सप्लाई करने नई पाईप लाईन बिछाई गई थी जो कुछ माह पूर्व मामूली लिकेज के चलते पानी रिस रहा था किंतु 15 दिन पूर्व उक्त लिकेज बढ़ता गया और लाईन फूटने के कारण वार्डो में पानी का प्रेशर बेहद कम हो गया था और सप्लाई लाइन के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 17, 18, 19, 20 शक्ति नगर शांति नगर जवाहर नगर, आदित्य नगर के बड़े क्षेत्र व 21 के आशा नगर में पानी की प्रेशर कम होने के कारण जलसंकट की स्थिति निर्मित हो रही थी।

# संक्षिप्त समाचार

## राज्यपाल रमेन डेका ने महावीर जयंती के अवसर पर दी बधाई एवं शुभकामनाएं



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी की जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कहा कि भगवान महावीर ने विश्व कल्याण के लिए सत्य, अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह और ब्रह्मचर्य का संदेश दिया। उन्होंने समाज में व्याप्त अंधविश्वासों, आडम्बरों और कुरीतियों को समाप्त करने पर जोर दिया। भगवान महावीर के सिद्धांत और उपदेश आज भी प्रासंगिक हैं। उनके जीवन से हमें अनुशासन, तप और संयम की शिक्षा मिलती है। भगवान महावीर का अहिंसा का दर्शन विश्व से हिंसा व आतंकवाद समाप्त कर शांति और सद्भाव स्थापना का सन्देश देता है। राज्यपाल श्री डेका ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि भगवान महावीर के संदेशों को अपने व्यावहारिक जीवन में उतारें तथा शांति व सद्भाव के साथ आपसी रिश्तों को मजबूत बनाएं।

## नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच- तेयुप, रायपुर



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** तेरापंथ युवक परिषद्, रायपुर द्वारा संचालित अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् का मानव सेवा हेतु कृत संकल्पित महनीय उपक्रम आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर, रायपुर द्वारा रायपुर सकल जैन समाज समाहित भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समिति-2025 अंतर्गत आयोजित 15 दिवसीय आयोजन दिनांक 26 मार्च से 9 अप्रैल 2025 तक 3 टेस्ट नि:शुल्क प्रदान करते हुए प्रस्तुत किये गए। जिसका लाभ आज पन्द्रहवें दिन दिनांक 09/04/2025 को Thyroid/Sugar/CBC-32 समाज जनों द्वारा लिया गया। जिसमें विशेष सहयोग लैब में कार्यरत सुषमा साह, प्रीती शर्मा का रहा। श्री गजराज जी बाफना परिवार ने सहयोगी की भूमिका निर्वहन करते हुए विसजर्न किया। तेयुप से वीरेंद्र डागा, निकुंज साचला कि सहभागिता रही। **-वीरेंद्र डागा**

## 14 वें अखिल भारतीय, रेलवे सुरक्षा बल, बैंड प्रतियोगिता-2025 का रेलवे एन.ई. इंस्टीट्यूट ग्राउंड, बिलासपुर में हुआ शुभारंभ



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** उपरोक्त विषयांकित के संबंध में अवगत कराया जाता है कि आज दिनांक 09.04.2025 को 14 वें अखिल भारतीय, रेलवे सुरक्षा बल, बैंड प्रतियोगिता-2025 का शुभारंभ रेलवे एन.ई. इंस्टीट्यूट ग्राउंड, बिलासपुर में किया गया, जिसका शुभारंभ की घोषणा मुख्य अतिथि, श्री मुनव्वर खुर्शीद, महानिरीक्षक-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर द्वारा की गई। यह आयोजन लगातार तीसरी बार बिलासपुर में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में विभिन्न रेलवे के रेलवे सुरक्षा बल एवं रेलवे सुरक्षा विशेष बल के 15 टीमों के 238 प्रतिभागी बल सदस्य शामिल हो रहें है। इस शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि महोदय द्वारा सभी प्रतिभागियों को बेहतरीन प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया गया, जो एक बेहतरीन टीम तैयार करने में मदद मिलेगी जो जयपुर में आयोजित होने वाली 26वीं अखिल भारतीय, पुलिस बैंड प्रतियोगिता-2025 में भाग लेगी। यह प्रतियोगिता तीन दिनों तक चलेगी। इस समारोह में मुख्य अतिथि महोदय के अलावा श्री मोहम्मद साकिब, उप महानिरीक्षक -सह-मुख्य सुरक्षा आयुक्त, रेसुब, श्री दिनेश सिंह तोमर, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, रेसुब, बिलासपुर एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा बल सदस्य भी उपस्थित रहें।

## फर्जी एफडीआर के मामले में रूद्रा इंजीनियरिंग को निगम भिलाई ने काली सूची में डाला




**भिलाईनगर ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम भिलाई में रूद्रा इंजीनियरिंग द्वारा कई जगह पर निविदा में भाग लेकर कार्य करने हेतु अनुमति प्राप्त की। उसके द्वारा अलग-अलग कार्यो के लिए निविदा के माध्यम से कार्यो को संपादित करने के लिए कार्य आदेश प्राप्त किया। रूद्रा इंजीनियरिंग द्वारा जो अपने कार्यो के लिए एफ.डी.आर जमा किया गया था, वह जाली था। जिसका बैंक से सत्यापन करने पर ज्ञात हुआ कि एफ.डी.आर जितनी राशि की है, उतनी राशि उस खाते में नहीं है। इसकी जानकारी प्राप्त होते ही आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निगम के सभी जोन आयुक्त एवं अधीक्षण अभियंता को तत्काल रूद्रा एजेंसी को काली सूची में डालने का निर्देश दिए और उसके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही भी की जा रही है। निगम द्वारा रूद्रा इंजीनियरिंग से जो कार्य करवाया जा रहा था, उसे बंद करवा दिया गया है। निगम इस एजेंसी से कार्य नहीं करवाएगी। उसे तत्काल काली सूची में डाल दिया गया है। ऐसा पत्र सभी जोन में भेज दिया गया है। यह पहली बार हुआ है कि काम करने वाली एजेंसी द्वारा अधिकारियो को गुमराह करते हुए फर्जी एफ.डी.आर जमा किया हो। इससे संज्ञान लेते हुए जो भी अन्य एजेंसी द्वारा एफ.डी.आर जमा किया गया है उसके भी सत्यता की जांच कराई जा रही है।

## डॉ. लवली शर्मा इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय की कुलपति नियुक्त

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री रमेन डेका द्वारा प्रोफेसर डॉ. सुश्री लवली शर्मा को इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ का कुलपति नियुक्त किया गया है। डॉ. शर्मा वर्तमान मे दयालबाग शैक्षणिक संस्थान आगरा (उत्तर प्रदेश) में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत् हैं। डॉ. शर्मा का कार्यकाल, उपलब्धियां तथा सेवा शर्ते विश्वविद्यालय अधिनियम एवं परिनियम में निहित प्रावधान अनुसार होंगी। उनकी नियुक्ति इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय अधिनियम 1956 (संशोधन) अधिनियम 2021 की धारा 12 की उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### रियलमी ने रियलमी नार्ज़ो 80प्रो और 80एक्स को किया लॉन्च, जो जबरदस्त परफॉर्मेंस के साथ क्रमशः 17,999 और 11,999 के शुरुआती मूल्य में उपलब्ध है

**नई दिल्ली:** रियलमी, जो आज के भारतीय युवाओं का सबसे पसंदीदा स्मार्टफोन ब्रांड है, उसने आज रियलमी नार्ज़ो 80 प्रो 5 प्रतिशत और रियलमी नार्ज़ो 80एक्स 5 प्रतिशत को लॉन्च किया। ये दोनों ही फोन अपनी कैटेगरी में परफॉर्मेंस के मायने में उम्दा है। इनमें रियलमी की खास टेक्नोलॉजी और दमदार फीचर्स का शानदार मेल हैं, वो भी बेहतरीन और किफायती कीमतों पर। रियलमी नार्ज़ो 80 प्रो 5 प्रतिशत और रियलमी नार्ज़ो 80एक्स 5 प्रतिशत में कई इंडस्ट्री-फर्स्ट फीचर्स दिए गए हैं, जैसे ढ्ढक्क69 वॉटरप्रूफिंग, मिलिट्री-ग्रेड शॉक रेजिस्टेंस और एडवांस कूलिंग सिस्टम। रियलमी की मेक इट रियल सोच के मुताबिक, इन स्मार्टफोन्स में प्रीमियम डिज़ाइन को जबरदस्त मजबूती के साथ भावी पीढ़ी के लिए अव्वल दर्जे की परफॉर्मेंस देने वाले के रूप में तैयार किया गया है। जो उन यूज़र्स के लिए एक दम सही है, जो हर चीज़ में कुछ ज्यादा चाहते हैं। रियलमी के प्रवक्ता ने कहा कि, नार्ज़ो 80 सीरीज़ हमारा अब तक का सबसे पावरफुल ऑफर है उन यूज़र्स के लिए, जो बिना समझौता किए दमदार परफॉर्मेंस चाहते हैं। 80 प्रो की गेमिंग ताकत और 80एक्स की बैलेंस्ड परफॉर्मेंस के साथ, हम मिड-रेंज सेगमेंट में प्रीमियम फीचर्स लाए हैं। 80 प्रो में 4500ठ्ठद्धह्लह्य की डिस्प्ले है और 6000द्बद्ध की बैटरी दी गई है, साथ ही 80एक्स में सेगमेंट का पहला मीडियाटेक डाइमेंसिटी 6400 चिपसेट है। यह सब मिलकर हमारे 'मेक इट रियल' के वादे को पूरा करते हैं। तन्मय शाह, कैटेगरी लीडर - स्मार्टफोन्स और एक्सेसरीज़, एमेजॉन इंडिया ने बताया कि हमें खुशी है कि हम एमेजॉन.इन पर अपने बढ़ते 5 प्रतिशत स्मार्टफोन रेंज में नया रियलमी नार्ज़ो 80 सीरीज़ जोड़ रहे हैं, नार्ज़ो 80 प्रो 5 प्रतिशत शानदार गेमिंग परफॉर्मेंस देने का वादा करता है, वहीं नार्ज़ो 80एक्स 5 प्रतिशत की बैटरी काफी लंबे समय तक साथ न छोड़ने का वादा करती है। हमें पूरा भरोसा है कि ये दोनों डिवाइसेज़ उन सभी यूज़र्स की जरूरतों को पूरा करेंगे, जो दमदार परफॉर्मेंस वाले स्मार्टफोन्स को किफायती कीमत पर ढूंढ रहे हैं। ये दोनों स्मार्टफोन एमेजॉन.इन पर रोमांचक कूपन ऑफर्स और आसान नो-कॉस्ट ईएमआई विकल्पों के साथ उपलब्ध होंगे।

### अमेज़न इंडिया 2025 के दौरान अपने आश्रय विश्राम केंद्रों के नेटवर्क को बढ़ाकर करेगी 100 तक

**नईदिल्ली।** अमेज़न इंडिया ने आज घोषणा की कि उसने 2025 के दौरान देशभर में अपने आश्रय केंद्रों के अपने नेटवर्क कोबढ़ाकर100 तक करने की योजना बनाई है। ये आश्रय केंद्र ऐसेविश्राम स्थल हैं जो ई-कॉमर्स और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में डिलीवरी एसोसिएट को बैठने की वातानुकूलित जगह, स्वच्छ पेयजल, इलेक्ट्रोलाइट, मोबाइल चार्जिंग पॉइंट, शौचालय, प्राथमिक चिकित्सा किट और जलपान की सुविधा प्रदान करते हैं। यह उद्योग में अपन`किस्म की पहली पहल है जिसके ज़्यादा व्यस्त क्षेत्रों में डिलीवरी एसोसिएट (डिलीवरीकर्मियों) और लॉजिस्टिक्स भागीदारों के लिए विशिष्ट विश्राम केंद्र मुहैया कराए जात`हैं। पेट्रोल पंप और वाणिज्यिक किराये की जगहों (कमर्शियलरेंटल) पर स्थित ये केंद्र आवश्यक सुविधाओं से लैस हैं। ये आश्रय केंद्र पूरे साल भर में सप्ताह के सातों दिन सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक संचालित होते हैं,जो यहां आने वाले सभी डिलीवरी एसोसिएट को हर बार आन`पर 30 मिनट तक नि:शुल्क उपयोग की सुविधा प्रदान करते हैं। किसी भी समय 15 लोगों केसाथबैठने-आराम करने की सुविधा प्रदान करने की क्षमता वाले इन केंद्रों में सुविधाजनक पार्किंग की भी सहूलियत होती है। अमेज़न में वीपी ऑपरेशंस,भारत एवं ऑस्ट्रेलिया,अभिनव सिंह ने कहा, डिलीवरी एसोसिएट का स्वास्थ्य,तंदुरुस्ती और आराम हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। आश्रय केंद्र मेंस्वच्छ पेयजल,प्राथमिक चिकित्सा किट और चार्जिंग पॉइंट जैसी आवश्यक सुविधाओं के साथ वातानुकूलित विश्राम क्षेत्र की भी व्यवस्था होती है। ये केंद्र डिलीवरी एसोसिएट को उनके व्यस्त शेड्यूल के दौरान आराम और सुरक्षाप्रदानकरतेहैं। ईकॉमर्स और लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम में सभी डिलीवरी एसोसिएट के लिए इन सुविधाओं को खोलने सेपूरे लॉजिस्टिक्स समुदाय मददमिलतीहैऔर इससेउद्योग के मानकों को ऊपरउठानेकेप्रति हमारी प्रतिबद्धता ज़ाहिरहोती है। हम अब तक मिली प्रतिक्रिया से उत्साहितहैं और इस पहल केतहतपूरे भारत में 100 ऐसे केंद्रस्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इनआश्रय केंद्रों में अब तक इनकी स्थापना के बाद से हज़ारों लोग आए हैं और इससे दूर-दराज़ रहने वाले लोगों के लिए इस पहल की बढ़ती मांग और ज़रूरत प्रदर्शित होती है।

# महापौर संजय पाण्डे ने सुनी नगरवासियों की समस्या, त्वरित समाधान के दिए निर्देश

**जनसमस्याओं का समाधान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है - महापौर संजय पाण्डे**

**शहर की हर समस्या का मिलेगा त्वरित समाधान - महापौर संजय पाण्डे**




**जगदलपुर/विश्व परिवार।** महापौर संजय पाण्डे ने नगरवासियों की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान हेतु आज नगर निगम कार्यालय में जनप्रतिनिधियों और नागरिकों से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान नागरिकों ने सड़क, सफाई, पानी आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट और अन्य जनसुविधाओं से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को महापौर के समक्ष रखा।

समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए महापौर संजय पाण्डे ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना नगर निगम की सर्वोच्च जिम्मेदारी है, और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

महापौर ने विभागीय प्रमुखों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि तय समयसीमा में कार्य पूर्ण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने नगरवासियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के लिए निगम निरंतर प्रयासरत रहेगा। नगरवासियों ने महापौर के इस संवेदनशील और तत्पर रुख की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

**सुशासन तिहार : समाधान शिविर में प्राप्त सुझावों का महापौर संजय पाण्डे ने लिया जायज़ा-** सुशासन तिहार को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। नगर निगम द्वारा आयोजित समाधान शिविर में बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याओं और सुझावों के साथ पहुँच रहे हैं। इसी कड़ी में महापौर संजय पाण्डे ने भी सक्रिय भूमिका निभाते हुए समाधान शिविर का दौरा किया। उन्होंने वहाँ प्राप्त हो रहे आवेदनों और नागरिकों की समस्याओं का गहनता से जायज़ा लिया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का समाधान कर शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देना है। नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी भी पूरी तन्मयता से इस पहल को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा समाज के सभी वर्गों से तत्परता से संवाद एवं समाधान के उद्देश्य से सुशासन तिहार की शुरुआत 8 अप्रैल से की गई है। इस अभियान के अंतर्गत 08 से 11 अप्रैल तक आवेदन लिए जा रहे हैं। दूसरे चरण में इन आवेदनों का निराकरण 12 अप्रैल से 4 मई के मध्य संबंधित विभागों द्वारा किया जाएगा। तीसरे एवं अंतिम चरण में आमजनता की समस्याओं के निराकरण हेतु आगामी 05 मई से 31 मई तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आवेदकों को उनके आवेदनों की यथासंभव समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा।

# दुर्ग में घटित अमानवीय घटना बेहद शर्मनाक, भाजपा सरकार में अब मासूम बच्चियां भी नहीं हैं सुरक्षित - सुशील मौर्य

**महिला सुरक्षा,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का दंभ भरने वाली भाजपा सरकार,क्या यही है सुशासन..!**

**अपराध रोकने में नाकाम गृहमंत्री विजय शर्मा नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए दे तत्काल इस्तीफा**



**जगदलपुर/विश्व परिवार।** आज बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में दुर्ग जिले में 6 साल की मासूम बच्ची के साथ घटित अमानवीय व शर्मनाक घटना को लेकर कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा गृहमंत्री विजय शर्मा की इस्तीफे की मांग को लेकर राज्य की भारतीय जनता पार्टी सरकार का पुतला दहन किया गया... बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा कि रामनवमी के दिन कन्या भोजन करने के लिए अपनी छोटी-छोटी सहेलियों के साथ निकली छह साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म कर उस बच्ची के प्राइवेट पार्ट को सिगरेट से दागा, लाइटर से जलाया और इलेक्ट्रिक शॉक देकर मारा गया व कार के अंदर बंद डाल दिया गया..मासूम के साथ हुई घटना बेहद निंदनीय व अमानवीय है. महिला सुरक्षा और सम्मान के बड़े बड़े दावे करने वाली सरकार मासूम बेटियों की सुरक्षा भी नही कर पा रही है.इतना ही नहीं पीड़ित परिवार के साथ न्याय करना छोड़ पुलिस प्रशासन ने पीड़ित परिवार के लोगों को ही बुरी तरह से पीटा है. जिसमें पीड़ित परिवार की एक अन्य बच्ची को भी पुलिस ने पीटा है.जिसको लेकर पीड़ित परिजनो द्वारा धरना दिया गया.. कांग्रेस पार्टी की मांग है कि संबंधित थाना प्रभारी व दुर्ग एसपी को तत्काल निलंबित कर देना चाहिए और अपराध रोकने में नाकाम प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए या मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी को गृहमंत्री को बर्खास्त कर देना चाहिए ... इस दौरान रामशंकर राव,अंगद त्रिपाठी, रविशंकर तिवारी,कविता साहू,महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष लता निषाद, महामंत्री जाहिद हुसैन, सुभाष गुलाटी, सेमीयल नाथ, निकेत झा, महेश द्विवेदी, जावेद खान,सूरज कश्यप, अनुराग् महतो, सुषमा सुता,असीम सुता, सहदेव नाग,पार्षद राजेश चौधरी, गौतम पाणिग्रही, पार्षद जस्टिन भवानी,शुभम् यदु,अजय बिसाई,संदीप दास,विक्रांत सिंह, अंकित सिंह,लव मिश्रा आदि।

# सर्पदंश से बचाव सम्बन्धी दो दिवसीय कार्यशाला में विशेषज्ञों ने साझा किए अनुभव





**जगदलपुर/विश्व परिवार।** कलेक्टर श्री हरिस एस के निर्देश पर जिले में सर्पदंश से बचाव एवं सर्पदंश से होने वाली मृत्यु पर रोक लगाने हेतु दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन महारानी अस्पताल में किया गया। गुजरात से आए विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ.पीसी पटेल और स्नेक बाइट हीलिंग एंड एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष प्रियंका कदम के द्वारा बस्तर जिले के सभी सातों ब्लॉक के बीएमओ, आरएमए और स्टाफ नर्स को सर्पदंश से बचाव तथा उपचार सम्बन्धी विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान डॉ पीसी पटेल जिन्हें सर्पदंश से बचाव सम्बन्धी 35 साल का अनुभव और 20 हजार से अधिक सर्पदंश केस के इलाज का अनुभव है, उनके द्वारा बचाव के साथ ही आरंभिक उपचार और सघन ईलाज के सम्बंध में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। वहीं अध्यक्ष स्नेक बाइट हीलिंग एंड एजुकेशन सोसाइटी प्रियंका कदम ने सर्पदंश से बचाव के लिए स्थानीय स्तर पर व्यापक जनजागरूकता निर्मित करने पर बल देते हुए विशेष तौर पर वनांचल इलाकों में ग्रामीणों को बचाव सम्बन्धी सतर्कता बरतने के साथ ही त्वरित उपचार के लिए जागरूक किए जाने कहा। उक्त कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आम जनता को सर्पदंश से बचाव एवं उपचार के लिए जागरूक करने सहित आगामी वर्षाकालीन मौसम के दौरान सर्पदंश से होने वाली जनहानि को कम करना है। इस अवसर पर आईडीएसपी के प्रभारी नोडल डॉ वीरेंद्र ठाकुर, डीपीएम डॉ रीना लक्ष्मी और अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।

**कार्यालय कलेक्टर, (महिला एवं बाल विकास विभाग)**
**जिला बस्तर, जगदलपुर (छ.ग.)**
Email-bastar.dpo84@gmail.com Phone No.-07782-222827

क्रमांक 12 / मबावि/पो.आ./2025-26 दिनांक 04/04/2025

**//अभिरूचि का प्रस्ताव //**

**महिला स्व सहायता समूहों से रेडी टू ईट एवं फोर्टिफाईड आटा का निर्माण व आपूर्ति करने हेतु प्रस्ताव का आमंत्रण**

1/ जिले की अधोलिखित बाल विकास परियोजना/परियोजनाओं में आंगनबाड़ी केन्द्रों में रेडी टू ईट एवं फोर्टिफाईड आटा का निर्माण एवं आपूर्ति करने के लिए फर्म एवं सोसायटी रजिस्टेशन एक्ट के तहत पंजीकृत सक्षम महिला स्व-सहायता समूहों से प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है। प्रस्ताव हेतु आवेदन पत्र दिनांक 21.04.2025 तक कार्यालयीन समय में केवल डाक/कोरियर के माध्यम से स्वीकार किया जायेगा। निर्धारित तिथि/समय उपरान्त प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

2/ अभिरूचि प्रस्ताव से संबंधित शर्ते व विस्तृत विवरण एक दिवस पूर्व तक कार्यालयीन समय में इस कार्यालय से तथा HTTPS://BASTAR.GOV.IN/ प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. | परियोजना का नाम | पर्यवेक्षक सेक्टर की संख्या | सेक्टर अंतर्गत आंगनवाड़ी केन्द्रों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | बस्तर | 15 | 382 |
| 2 | बकावण्ड-01 | 8 | 222 |
| 3 | बकावण्ड-02 | 6 | 189 |
| 4 | बास्तानार | 6 | 157 |
| 5 | दरभा | 7 | 165 |
| 6 | तोकापाल | 8 | 197 |
| 7 | लोहण्डीगुड़ा | 10 | 279 |
| 8 | जगदलपुर ग्रामीण एवं शहरी | 15 | 409 |
| योग :- | | 75 | 2000 |

(जिला स्तरीय समिति द्वारा अनुमोदित)

जिला कार्यकम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग
जगदलपुर, जिला-बस्तर (छ.ग.)

जी- 252600115/2

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कुरूद, जिला - धमतरी (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्रं. 202503130500006/2024-2025
थाना - मगरलोड, तहसील - मगरलोड, जिला - धमतरी (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि कार्यालय थाना मगरलोड, जिला- धमतरी (छ.ग.) का पत्र क्रमांक /था.प्र. /मगर /धम /लवारिश /01/2025 दिनांक 05/02/2025 के माध्यम से पुलिस अधीक्षक जिला धमतरी द्वारा समस्त थाना/ चौकी में जप्त लावारिश/ लादावा वाहनों के निराकरण/ नीलामी की कार्यवाही करने के निर्देश पर थाना मगरलोड, जिला धमतरी में जप्त लवारिश वाहनों की जानकारी हेतु संबंधित परिवहन कार्यालय से जानकारी प्राप्त कर संबंधितों को नोटिस तामिली/ अदम तामिल उपरांत भी थाना मगरलोड में सूची में दर्शित वाहनों का मालिक अपने वाहन रजिस्ट्रेशन पत्रक के साथ सुपुर्दनामा में प्राप्त करने हेतु थाना उपस्थित नहीं हुआ है। अतः थाना मगरलोड जिला-धमतरी में जप्त लावारिश/ लादावा वाहन के मालिकाना हक हेतु दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु लेख किया गया है।

थाना मगरलोड, जिला धमतरी (छ.ग.) का इस्तगाशा क्रमांक 01/2025 जिला धमतरी (छ.ग.) धारा-28 पुलिस एक्ट अनुसार थाना मगरलोड में जप्त लावारिश/ लादावा वाहनों का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | वाहन नंबर | पंजीयन नंबर |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | हीरो होण्डा | (बिना नंबर) |
| 2 | सीडी डिलक्स | (बिना नंबर) |
| 3 | हीरो एचएफ डिलक्स | (बिना नंबर) |
| 4 | हीरो होण्डा एस | (बिना नंबर) |
| 5 | पैशन प्रो | (बिना नंबर) |
| 6 | हीरो होण्डा | (बिना नंबर) |
| 7 | हीरो होण्डा सीडी 100 | सीजी 05 जेई 3980 |
| 8 | हीरो होण्डा एस | सीजी 05 ई 3304 |
| 9 | हीरो होण्डा पैशन | सीजी 05 बी 4537 |
| 10 | हीरो होण्डा सीडी 100 एसएस | सीजी 07 जेडएल 1476 |
| 11 | टीवीएस | सीजी 04 एफबी 7354 |
| 12 | हीरो डिलक्स | सीजी 06 डी 2143 |
| 13 | हीरो होण्डा पैशन | सीजी 04 डी यू 5551 |
| 14 | टीवीएस एक्सल सुपर | सीजी 04 एफबी 1409 |

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति उक्त वाहन पर अपना हक रखता हो तो वाहन रजिस्ट्रेशन पत्रक एवं पहचान पत्र के साथ पेशी तारीख 15/04/2025 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से लिखित में दावा, आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। म्याद बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईशतहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांकः 21/03/2025 को जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय दण्डाधिकारी
कुरूद, जिला- धमतरी

G-252600159/2

# तिलोकचंद बरड़िया की अध्यक्षता में JITO Raipur ने रचा इतिहास- रायपुर में 10,000 से अधिक लोगों ने एक साथ किया नवकार महामंत्र का जाप




**रायपुर (विश्व परिवार)।** आध्यात्मिकता और एकता के भव्य संगम में, रायपुर के एम. जी. रोड स्थित जैन दादाबाड़ी में नवकार महामंत्र दिवस के अवसर पर हुआ भव्य आयोजन, रायपुर शहर 10,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने एक साथ नवकार महामंत्र का जाप किया। यह ऐतिहासिक आयोजन JITO रायपुर चैप्टर के निर्देशन में श्री तिलोकचंद बरड़िया की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जिसमें JITO लेडीज़ विंग और JITO यूथ विंग का विशेष योगदान रहा।

**प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली से वर्चुअली की सहभागिता**- इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन को और गरिमा प्रदान करते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विज्ञान भवन, दिल्ली से कार्यक्रम का वर्चुअल शुभारंभ किया और देशभर के विभिन्न शहरों से जुड़े। उन्होंने नवकार मंत्र के आध्यात्मिक महत्व, आत्मशुद्धि, और समाज में शांति-सद्भाव फैलाने की प्रेरणा दी।

**अब हर वर्ष 9 अप्रैल को मनाया जाएगा नवकार दिवस**- कार्यक्रम में आयोजकों ने घोषणा की कि अब से प्रत्येक वर्ष 9 अप्रैल को नवकार दिवस के रूप में मनाया जाएगा और इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ड्डश्वह्लद्यस्र हड्ड1द्मड्डह् ष्ठड्ड4 के रूप में पहचान दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

श्री तिलोकचंद बरड़िया ने कहा कि आज का आयोजन सिर्फ एक धार्मिक समागम नहीं, बल्कि वैश्विक शांति और सौहार्द का संदेश देने वाला अभियान है। जैसे विश्व दिवस होता है, वैसे ही हम चाहते हैं कि नवकार दिवस को वैश्विक मंच पर पहचान मिले।

**मुख्य अतिथि और आयोजन समिति**- मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक श्री राजेश मूणत। विशेष प्रवचन एवं आशीर्वाद- प.पु. श्री ऋषभ सागर जी म.सा., एवं प.पु. श्री ऋजुप्रज्ञ सागर जी म.सा.।

**आयोजकगण**- JITO रायपुर चैप्टर, JITO लेडीज़ विंग, JITO यूथ विंग, एवं श्री अभय भंसाली, श्री ललित पटवा, श्री सुशील बरलोटा, श्री मनोज कोठरी, श्री अलोक जैन, कुशुम श्रीश्रीमाल, श्री नरेश प्रताप नाहर, रश्मि जैन, अंकिता बरड़िया, श्री अंकुश गोलेचा, श्री विपुल सेठिया, सिद्धार्थ बरड़िया, प्रियांक बोथरा, प्रखर गोलेचा एवं जीतो परिवार .

कार्यक्रम में विशेष रूप 14 घाटक और JITO के समर्पित सदस्यों और रायपुर के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे यह आयोजन इतिहास में दर्ज हो गया।

**एकता, आध्यात्मिक ऊर्जा और विश्व शांति का संदेश**- इस अद्वितीय आयोजन ने यह सिद्ध कर दिया कि जब आध्यात्मिक ऊर्जा और संगठित प्रयास एकजुट होते हैं, तब इतिहास बनता है। छ्वढ्ढञ्जह्र रायपुर ने नवकार महामंत्र को न केवल भारत में, बल्कि विश्व स्तर पर स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है।















































प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354